सुप्रभात
रांची, गुरुवार
17.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 96



12 अब देश में कानून 'अंधा' नहीं, आंख से पट्टी हटी

## न्यूज डायरी

### बीटीपीएस के एचटी पैनल में आग लगी, उत्पादन ठप

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर से नीचे एचटी पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। पैनल पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। आग लगने के बाद एक यूनिट को बंद कर दिया गया। इससे उत्पादन प्रभावित हो गया है।

### कल रांची आयेंगे तेजस्वी यादव

**रांची।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 18 अक्टूबर को रांची आएंगे। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से तेजस्वी मुलाकात करेंगे। चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर बातचीत की जाएगी। राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ेगा, इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श करेंगे।

### सड़क हादसे में जम्हार चर्च के फादर की मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थानांतर्गत डोड़मा-गोविंदपुर रोड पर मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में आरसी विद्यालय जम्हार के फादर फुलजेम्स बागे की मौत हो गयी।

### गुमला में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के तसेरा मोड़ के पास बुधवार की शाम बाइक सवार को एक स्कूटी ने टक्कर मारी दी, जिससे बाइक सवार जमीन पर गिर गया। इसी बीच पीछे से आ रही हाइवा ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में पति, पत्नी और बहन की मौत हो गयी। मृतकों में पालकोट झिकिरमा सुंदरपुर पोरटोली निवासी शनिचर बड़ाइक (50), उनकी पत्नी रोहिता देवी (45) और शनिचर की बहन सालो देवी (40) हैं।

### वाहन जांच में यात्री के पास से छह लाख बरामद

**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद हजारीबाग की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय के आदेश पर सभी चेक नाकों और विभिन्न स्थानों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को चौपारण थाना गेट के सामने वाहन जांच में एक व्यक्ति के पास से बैग में रखे 6,22,970 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में संबंधित व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा ने कैश के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

### उमर अब्दुल्ला ने संभाली जेके में सीएम की कुर्सी

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। श्री अब्दुल्ला इससे पहले 2009 और 2014 की अवधि में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे।

---

## निर्वाचन आयोग सक्रिय : अधिकारियों व दलों के साथ बैठक

# चुनाव के दौरान चार एम पर रखें विशेष ध्यान : सीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य चुनाव आयोग सक्रिय हो गया है। बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण को लेकर चुनाव अधिकारियों के साथ-साथ सभी दलों के साथ बैठक की और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि आयोग के द्वारा चार एम- 'मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफर्मेशन एवं एमसीसी' पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है।

वहीं राजनीतिक दलों के साथ बैठक में श्री कुमार ने कहा कि सभी दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों को आयोग द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देश का अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। वहीं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां बुधवार को विशेष ट्रेन से रांची पहुंचीं। इनमें सीआरपीएफ की एक, बीएसएफ के सात और आईटीबीपी की दो कंपनियां हैं।



### मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करायें उपायुक्त : रवि कुमार

**चुनाव में खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये**

के. रविकुमार ने निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश उपायुक्तों को दिया। मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए प्रचार-प्रसार, अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार के लिए विशेष अभियान चलाने और मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ चार पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति के लिए पदाधिकारियों को चिह्नित करने को कहा। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 72 घंटे के अंदर किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

### सुविधा एप से नामांकन प्रक्रिया में मिलेगी सुविधा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का अनुपालन करने को कहा, ताकि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गयी है। खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाती है।

इधर झारखंड विधानसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की अलग-अलग जिलों में तैनाती होगी।

### आवश्यक प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही न करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को राज्य के सभी वाणिज्य कर के पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन अवधि में कर वंचना पर अंकुश लगाने एवं तत्संबंधी निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन करें एवं आवश्यक प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही न करें।

---

## बाबूलाल रांची लौटे, टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ी

# एनडीए ने उम्मीदवारों की 98% सूची तैयार की, घोषणा एक-दो दिन में

**सीटों का बंटवारा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नयी दिल्ली में आलाकमान संग बैठक कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को रांची लौट आये हैं। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, बीएल संतोष, बाबूलाल मरांडी, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, शिवराज सिंह चौहान, हेमंता बिश्व सरमा, अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, अमर बाउरी की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लग गयी है। इसकी घोषणा एक-दो दिनों में की जायेगी। इसके अलावा एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो चुका है। एनडीए ने साफ कर दिया है कि 98 फीसदी उम्मीदवारों की सूची तैयार है। इधर, भाजपा में टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। हाल में कई नेता टिकट की उम्मीद में दूसरे दलों से भाजपा में शामिल हुए हैं।

### झामुमो की पहली सूची में 16 प्रत्याशी हो सकते हैं शामिल

**रांची।** चुनाव की घोषणा के बाद अब राज्य की क्षेत्रीय पार्टी झामुमो पर सभी प्रमुख दलों की नजरें टिक गयी हैं। सूचना के मुताबिक, झामुमो ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 16 लोगों के नाम हैं, हालांकि पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गयी है।

जानकारी के मुताबिक, आजसू के उमाकांत रजक की जेएमएम में शामिल होने और जेएमएम टिकट पर चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है। ऐसे में उमाकांत रजक को मुख्यमंत्री आवास भी बुलाया गया। चर्चा यह भी है कि बीजेपी के ताला मरांडी भी लोकसभा चुनाव से ही जेएमएम के संपर्क में हैं लेकिन, पार्टी आलाकमान का निर्देश नहीं मिलने के कारण वह मामला स्थगित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बरहेट और कल्पना सोरेन मुर्मू गांडेय विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी।

## झारखंड को मिला 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर झारखंड को चुनाव आयोग के निर्देश पर 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल प्रदान किया गया है। सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी इसमें शामिल हैं। इन बलों को राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जायेगा।

**हर जिले में होगी तैनाती :** प्रत्येक जिले में 3 से 5 कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात किए जायेंगे। ये बल फ्लैग मार्च, क्षेत्रीय डोमिनेशन और चेकिंग जैसे कार्यों में लगाये जायेंगे, ताकि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़े और चुनाव के समय व्यवस्था चाक-चौबंद रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त मांग :** झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की थी, हालांकि, अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है कि झारखंड को कितनी और कंपनी मिलेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड को 230 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिले थे।

---

## देवघर के सिविल सर्जन 70 हजार घूस लेते धराये

**नर्सिंग होम के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए सीएस ने डेढ़ लाख मांगी थी घूस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दुमका एसीबी की टीम ने देवघर के सिविल सर्जन को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सिविल सर्जन ने एक नर्सिंग होम के लाइसेंस रिन्यूअल के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी। बुधवार को एसीबी ने सिविल सर्जन को देवघर स्थित उनके आवास, नवजीवन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर से 70 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सिविल सर्जन पर देवघर के मधुपुर में बंगाल नर्सिंग होम चलाने वाले मो. महफूज आलम ने घूस मांगने का आरोप लगाया था और इसकी शिकायत एसीबी से की थी। एसीबी ने जांच में शिकायत को सही पाया। उसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सिविल सर्जन को एसीबी की टीम दुमका कार्यालय ले गयी। आवश्यक कारवाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### अलका तिवारी बन सकती हैं राज्य की मुख्य सचिव

**रांची।** अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित एल ख्यिांगते इसी माह 31 अक्टूबर को रिटायर होंगे। झारखंड में अचार संहिता लागू होने के कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को लेना है।

(पेज 2 भी देखें)

### रांची के छात्र की भुवनेश्वर में मौत परिजन बोले- घटना की जांच हो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के डोरंडा के रविदास मुहल्ले के रहने वाले इंजीनियरिंग छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर स्थित आइटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने से मौत हो गयी, लेकिन छात्र के परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए रैगिंग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सीढ़ी के स्टील के रॉड को काटा गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह एक सामान्य दुर्घटना नहीं है। अभिषेक के पिता अनूपचंद राम ने कहा कि घटना को सामान्य बताकर रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि कॉलेज के संचालक मामले की लीपापोती कर सकते हैं।

परिजनों का आरोप है कि अभिषेक के हॉस्टल के कमरे की कुंडी टूटी हुई थी और उसकी हालत गंभीर थी, लेकिन उसका मोबाइल सही था। घरवालों ने यह भी कहा कि जब अभिषेक ने पुलिस को फोन कर शिकायत की थी, तो कॉल डिटेल रिकॉर्ड में जानकारी होनी चाहिए। मृतक अभिषेक के परिजनों ने पूरे मामले की जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके।

---

## रबी फसलों पर एमएसपी बढ़ी, ₹2,642 करोड़ लागत की रेल परियोजना मंजूर

# किसानों को केंद्र से बड़ी राहत, केंद्रीय कर्मियों के डीए में तीन फीसदी की वृद्धि

**केंद्रीय तोहफा**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने किसानों को राहत देते हुए 2025-26 की सभी अनिवार्य रबी फसलों की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर कीमत, आर्थिक सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि रबी फसलों में सबसे ज्यादा एमएसपी वृद्धि सरसों और राई के लिए तय की गई है, जिसमें ₹300 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद मसूर (लेंस) के लिए ₹275 प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। चने का एमएसपी ₹210 प्रति क्विंटल, गेहूं का ₹150 प्रति क्विंटल, केसर का ₹140 प्रति क्विंटल और जौ का ₹130 प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।

वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का एमएसपी ₹2,425 प्रति क्विंटल, जौ का ₹1,980 प्रति क्विंटल, चने का ₹5,650 प्रति क्विंटल, मसूर का ₹6,700 प्रति क्विंटल, सरसों और राई का ₹5,950 प्रति क्विंटल, और केसर का ₹5,940 प्रति क्विंटल तय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि एमएसपी बढ़ोतरी की गणना उत्पादन के दौरान आने वाले खर्चों जैसे मजदूरी, किराए पर ली गयी भूमि, बीज और खाद, सिंचाई और परिवार के श्रम की अनुमानित लागत के आधार पर तय की जाती है। सरकार ने यह कदम किसानों को उनकी लागत से अधिक लाभ देने और फसल विविधिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया है।

### केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की तीन प्रतिशत और पेंशनधारियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशन भोगियों को महंगाई राहत (डीआर) की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दे दी है। यह वृद्धि 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी, जो मूल वेतन/पेंशन के 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है, ताकि बढ़ती महंगाई से राहत प्रदान की जा सके। केन्द्र सरकार के लगभग 49 .18 लाख कर्मचारियों और 64 .89 लाख पेंशन भोगियों को इसका लाभ मिलेगा।

### नयी रेलवे परियोजना से कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ावा

केंद्रीय कैबिनेट ने एक बड़ी रेल परियोजना को मंजूरी दी है। इसके तहत 2,642 करोड़ की लागत से गंगा नदी पर एक नया रेल-सह-सड़क पुल और वाराणसी से पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन मार्ग पर अतिरिक्त रेलवे लाइन बिछाने की योजना है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी, यात्रा को आसान बनाना, लॉजिस्टिक्स लागत घटाना और CO2 उत्सर्जन को काफी हद तक कम करना है। वाराणसी-पं. डीडीयू जंक्शन मार्ग यात्रियों और माल परिवहन विशेष रूप से कोयला, सीमेंट और अनाज जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि इस मार्ग पर क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन, तीर्थयात्रा और औद्योगिक मांग के कारण भारी भीड़ रहती है, इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार ने गंगा नदी पर नए रेल-सह-सड़क पुल के साथ तीसरी और चौथी रेलवे लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना से अनुमानित 27.83 मिलियन टन वार्षिक माल परिवहन हो सकेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और बड़े आर्थिक कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के विजन और पीएम-गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप है।

---

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 71300 रु./10 ग्राम
चांदी : 93000 रु./प्रति किलो

**तीसरी आंख**

**विजयादशमी आज**




## पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ की बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने कहा

# आतंक और व्यापार साथ-साथ नहीं हो सकते

एजेंसी

**इस्लामाबाद/नयी दिल्ली।** इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ की शिखरवार्ता में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया। शिखरवार्ता में उन्होंने याद दिलाया कि संगठन के चार्टर में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगावावाद को स्पष्ट रूप से चुनौती माना गया है। ऐसे में सीमा पार से इस तरह की गतिविधियां होती रहेंगी तो क्षेत्रीय सहयोग संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता पर आधारित होना चाहिए।

### विकास और प्रगति के लिए शांति व स्थिरता जरूरी



भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि सहयोग एकतरफा एजेंडे पर नहीं बल्कि वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए। हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वयंसिद्ध है कि विकास और प्रगति के लिए शांति और स्थिरता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों की बीच जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता वृद्धि और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। प्रौद्योगिकी बड़ी संभावनाएं रखती है, लेकिन साथ ही नयी चिंताओं को भी जन्म देती है। एससीओ के सदस्यों को इन चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए इसपर विचार करना होगा। विदेश मंत्री ने इस दौरान वैश्विक संस्थाओं में बदलाव की मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार आवश्यक है।

**आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं :** यदि सीमा पार की गतिविधियां- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद होंगी तो समानांतर रूप से व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की संभावना नहीं होगी। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं।

### शहबाज शरीफ ने जम्मू-कश्मीर पर साधी चुप्पी साथ मिल कर काम करने की भारत से लगायी गुहार

**पाकिस्तानी** पीएम शहबाज शरीफ ने एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक का समापन करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इजरायल-गाजा संघर्ष पर तत्काल ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। रूस को अध्यक्षता सौंपते समय शरीफ ने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने से परहेज किया। कश्मीर मुद्दा कई बार इस्लामाबाद के आधिकारिक बयानों का हिस्सा रहा है। शहबाज ने राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों पर सहयोग को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा, आइये हम राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों पर सहयोग को प्राथमिकता दें। साझा चुनौतियों का समाधान करें। हाथ से हाथ मिलाकर काम करें।

---

## झारखंड में मौसम ने फिर करवट ली

# आज और कल गरज के साथ होगी बारिश

**मौसम पूर्वानुमान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग ने राज्य के नौ जिलों में आज और कल गरज के साथ बारिश होने की संभावना जतायी है। जिन जिलों के लिए पूर्वानुमान जारी किया है, उनमें रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं।

मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने फिर करवट ली है। इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है। इसका येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के अलावा देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में 17 अक्टूबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है जबकि 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना है। इसके बाद 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जायेगा। इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी। इस गिरावट की वजह से सुबह और शाम ठंड महसूस होने लगेगी।

# विधानसभा चुनाव लड़ने को ललायित प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कनें

- एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों ही पार्टियों को लग सकता है झटका
- टिकट की आस में बैठे उम्मीदार टिकट के लिए पार्टी को कह सकते हैं अलविदा




**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। वहीं, विधानसभा चुनाव लड़ने को ललायित प्रत्याशियों की धड़कनें भी बढ़ती जा रही हैं। टिकट की आस लगाये बैठे नेताजी पार्टी के बड़े नेताओं की चिरौरी करते फिर रहे हैं। वहीं कुछ नेता ऐसे भी हैं, जो दूसरे दलों में टिकट तलाश रहे हैं। यहां नहीं तो कहीं और सही? अभी नहीं तो कभी नहीं? यह मानते हुए चुनावी दंगल में कुदने को तैयार हैं। एनडीए व इंडिया दोनों ही गठबंधन में नेताजी भागते नजर आयेंगे। सीट शेयरिंग में उनका विधानसभा क्षेत्र फंसा, तो वह पुरानी पार्टी को अलविदा कह किसी नये दल में ठिकाना तलाशेंगे, जहां टिकट मिलने की गारंटी हो। एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो चुका है। एनडीए ने साफ कर दिया है कि 98 फीसदी उम्मीदवारों की सूची तैयार है। केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लगते ही सूची जारी कर दी जायेगी। वहीं इंडिया गठबंधन ने भी 51 सीटों को फाइनल कर दिया है।

### भाजपा में टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ीं

भाजपा में भी टिकट के दावेदारों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। हाल फिलहाल में भाजपा में कई कद्दावर नेता टिकट की उम्मीद में दूसरे दलों का साथ छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। ऐसे में दलबदल कर शामिल हुए नेताओं को यदि टिकट मिलता है, तो वहां पहले से तैयारी कर रहे नेताओं का टिकट कटने पर पार्टी को झटका लग सकता है। क्योंकि जिन्होंने पहले से तैयारी कर रखी है, वे दूसरी पार्टियों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में तालमेल बैठाने का प्रयास जारी है।

### बगावत कर भी मैदान में उतर सकते हैं प्रत्याशी

सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों की घोषणा होने के साथ ही प्रमुख दलों में बगावत के सुर भी उभरेंगे। कुछ पार्टी से बगावत कर भी चुनावी समर में कूद सकते हैं, तो कुछ फ्रेंडली संघर्ष के नाम पर। वैसे भी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के वैसे नेता, जिन्होंने पहले से तैयारी कर रखी है और उन्हें मालूम है कि सीट शेयरिंग के कारण उनका टिकट फंस सकता है, वे दूसरी पार्टियों के भी संपर्क में लगातार बने हुए हैं। सीट शेयरिंग व टिकट की घोषणा होते ही पार्टियों में हलचल होगी, भगदड़ भी मचेगी।

### आजसू के कई नेताओं के टूट सकते हैं दिल

एनडीए के घटक दल आजसू में भी कई नेताओं के दिल टूटेंगे। वह पार्टी को अलविदा भी कह सकते हैं। खासकर चंदनक्यारी विधानसभा सीट से दावा ठोंक रहे पूर्व मंत्री उमाकांत रजक टिकट की आस में बैठे हैं। इधर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने साफ कर दिया है कि चंदनक्यारी सीट भाजपा की सीटिंग सीट है। वहीं उमाकांत ने हर हाल में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वे भी नई पार्टी की तलाश कर रहे हैं।

वहीं आजसू के शिवपूजन मेहता हुसैनाबाद सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन इस सीट से वर्तमान विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल हो गये हैं। भाजपा कमलेश सिंह को टिकट भी दे सकती है। इस कारण शिवपूजन भी नई राह तलाशेंगे।

### इंडी गठबंधन में भी सीट शेयरिंग का सफर आसान नहीं

सीट शेयरिंग और उम्मीदवारी को लेकर इंडी गठबंधन का भी सफर आसान नहीं है। गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद के साथ भाकपा-माले की भी हिस्सेदारी हो गयी है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस कोटे की सीटें बढ़ने की कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही। लेकिन दावेदारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। कई दावेदार आला नेताओं के संपर्क में हैं। सीटें बढ़ेंगी या नहीं, इस पर अब तक कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने 31 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर कह चुके हैं कि 20 से 25 विधायक जितायें, तो हमारा सीएम होगा। इस पर झामुमो ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कांग्रेस गलतफहमी न पाले। गढ़वा में भी मिथिलेश ठाकुर का राह इस बार आसान नहीं दिख रहा। किसी भी पार्टी से या निर्दलीय ही क्यों न लड़ना पड़े, यहां से चुनाव लड़ने को कद्दावर नेता गिरिनाथ सिंह भी ताल ठोंक रहे हैं।

## वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अलका तिवारी होंगी झारखंड की नयी मुख्य सचिव!

- झारखंड में नये मुख्य सचिव की तलाश शुरू, दौड़ में अविनाश कुमार भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** 31 अक्टूबर को राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते रिटायर कर जायेंगे। इससे पूर्व झारखंड में नये मुख्य सचिव की तलाश शुरू हो गयी है। चुनाव आयोग को इसके लिए नामों की सूची भेजी गयी है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आइएएस अधिकारी अलका तिवारी को वापस झारखंड बुलाया जा रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव में वे ही नये मुख्य सचिव के पद पर काबिज होंगी। इस पर निर्णय चुनाव आयोग को लेना है। सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें वापस अपने मूल कैडर में भेजने के लिए सहमति प्रदान कर दी है और रिलिज आर्डर जारी कर दिया है।

बताते चलें कि वर्तमान में एल खियांग्ते राज्य के मुख्य सचिव हैं और ये 31 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत हो रहे हैं। इनकी नियुक्ति जनवरी 2021 में की गयी थी। इनकी सेवानिवृत्ति के बाद झारखंड में अभी अविनाश कुमार ही अपर मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी हैं, जो ऊर्जा विभाग में पदस्थापित हैं। इनके पास राज्य के मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार है। ऐसे में चुनाव आयोग इस महत्वपूर्ण पद पर अलका तिवारी के नाम पर मुहर लगा सकता है। मालूम हो कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लगे होने के कारण अब सारे फैसले आयोग को ही करना है। इसके बाद ही कार्मिक विभाग अधिसूचना जारी करेगा।

# निर्वाचन अवधि में कर वंचना पर अंकुश लगायें : के. रवि कुमार

## सेल्स टैक्स के अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी वाणिज्य कर के पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन अवधि में कर वंचना पर अंकुश लगाने एवं तत्संबंधी निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करें एवं आवश्यक प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं वाणिज्य कर के आयुक्त अमित कुमार के मार्गदर्शन में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलों में गठित वाणिज्य कर सेल के नोडल पदाधिकारियों को कर्नाटक के वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्वाचन के दौरान कुशल व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन से संबंधित किए गए अनुप्रयोगों को साझा किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा जिले के पदाधिकारियों एवं कर्नाटक के वाणिज्य एवं कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय सूत्र के रूप जिलों के पदाधिकारियों के व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन संबंधी शंकाओं का निराकरण किया गया।

### अधिकारियों को परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करने को मिला समय

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को वर्ष 2023-24 का परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करने के लिए समय-सीमा को विस्तारित कर दिया गया है। ऑनलाइन एपीएआर जमा करने के लिए प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 रखी गयी है। वहीं, समीक्षी पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 15 नवंबर 2024 व स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर अंतिम तिथि 30 नवंबर रखी गयी है।

### तीन न्यायिक पदाधिकारियों के तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति

रांची। तीन न्यायिक पदाधिकारियों को उच्च योग्यता भत्ता के लिए एलएलएम की उपाधि पर तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। झारखंड हाइकोर्ट की अनुशंसा के आलोक में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

# राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन का झारखंड के युवाओं के नाम खुला पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपने एक्स पर झारखंड के युवाओं के नाम खुला पत्र लिखा है। इसमें भाजपा के साथ-साथ प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की बात कही है।



झारखंड के युवा साथियों को जोहार !

युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है। मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी। आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था की वजह से मजबूर हैं। आपकी परेशानियों तथा आपके मुद्दों को हमने करीब से देखा एवं समझा है। पिछले साढ़े चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में हमने हमेशा युवाओं, छात्रों, महिलाओं एवं बड़े-बुजुर्गों समेत समाज के सर्वांगीण विकास हेतु काम किया है। हमेशा, हर किसी के मुद्दों/ शिकायतों को सुनने तथा उनका समाधान तलाशने के लिए प्रयासरत रहा हूं। हमारे कार्यकाल में दर्जनों डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक तथा अन्य शिक्षण संस्थानों का निर्माण शुरू किया गया था। हमारे पांच महीनों के अल्पकालिक कार्यकाल के दौरान शुरू की गई विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाओं को रोकने की जद्दोजहद ने ना सिर्फ आपको, बल्कि मुझे भी खासा निराश किया है। भारतीय जनता पार्टी में, जब हम परिवर्तन की बात करते हैं, तब हमारा मकसद सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में परिवर्तन लाना है। हमलोग एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे जहां क्लर्क से लेकर सीएम तक, हर कोई आपकी शिकायतों को सुने एवं पूरी ईमानदारी के साथ उन पर कार्रवाई करे।

आइये, साथ मिलकर हम एक ऐसी सरकार बनाते हैं, जो कैलेंडर बना कर, पारदर्शिता से सभी नियुक्ति प्रक्रियाओं को पूरा करवाएगी। एक ऐसी व्यवस्था बनाते हैं, जिसमें सिर्फ योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हो तथा पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार का कोई स्थान न रहे। भाजपा की सरकार आने के तुरंत बाद 2.87 लाख नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही, 5 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाएंगे, ताकि वैसे लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें, जो किसी कारणवश नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते। आपमें से कई लोग पहली बार वोट देंगे। उन युवा साथियों से विशेष अनुरोध है कि झारखंड में भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाएं। आइये, साथ मिल कर एक नया झारखंड बनाते हैं, उन लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, जिन्होंने इस नए राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे।

## देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स निर्माण मामले में हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

# कोर्ट के आदेश का अनुपालन करे राज्य सरकार

- पर्यटन सचिव कोर्ट में हुए हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इससे संबंधित जनहित याचिका में दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटिशन हाई कोर्ट में दायर किया है, जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि इतनी विलंब से 9 माह बाद रिव्यू पिटिशन क्यों दाखिल किया गया। जबकि कोर्ट ने जनहित याचिका में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका में पारित आदेश का अनुपालन करने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर निर्धारित की। सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शो कॉज को रद्द कर दिया था। जिसमें राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है।

दरअसल, हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करे। इस राशि से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। कोर्ट ने सरकार को क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया था। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाईकोर्ट में और अवमानना याचिका दाखिल की गई। बता दें कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है।

# हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाए राज्य सरकार : हाईकोर्ट

- मुख्य चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल, सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए एवं सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये। खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही जहां सीसीटीवी खराब है वहां दुरुस्त किया जाए और सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाए। इससे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की पहचान एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी। इससे पूर्व हजारीबाग में ट्रैफिक स्थिति का अवलोकन करने को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से अपनी रिपोर्ट खंडपीठ को सौंप दी गई। जिसमें बताया गया कि हजारीबाग में कई सीसीटीवी काम नहीं कर रहे हैं। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उठाए गए कदम की जानकारी अगली सुनवाई में देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 दिसंबर निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हजारीबाग में ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था नहीं है, सड़कों पर छोटे-छोटे दुकान लगाते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारीबाग के सभी चौक चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जाती है। चुंगी टैक्स वसूली केंद्र के द्वारा बड़े वाहनों बस एवं ट्रक को शहर के भीतर सुबह 8:00 बजे से लेकर रात के 8:00 बजे तक के भीतर प्रवेश करने दिया जाता है, जबकि भारी वाहन का प्रवेश झारखंड के सभी जिलों में सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक नहीं रहता है।

हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई वाहन चल रहे हैं, जो बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। हजारीबाग शहर के डिस्टिक मोड़ चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक आदि में जाम की समस्या हमेशा देखने को मिलती है। शहर के 30 चौक-चौराहों को जाम से मुक्त किया जाए।

### क्या कहा है प्रार्थी ने याचिका में

प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया गया है कि हजारीबाग में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हजारीबाग शहर में अवैध पार्किंग को हटाया जाना जरूरी है।

# गैर आंदोलनकारियों को सत्ता से हटाना ही झारखंड के लिये सबसे जरूरी : डॉ. सूरज मंडल

- भ्रष्ट एवं आपराधिक चरित्र वाले उम्मीदवारों के मुखर विरोध के आह्वान के साथ ही झारखण्ड आंदोलनकारियों की एकजुटता का संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व सांसद, झारखण्ड स्वशासी परिषद (जैक) के पूर्व उपाध्यक्ष एवं झारखण्ड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा का आगामी चुनाव वास्तव में गैर आंदोलनकरियों, भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ ही झारखण्ड विरोधियों को झारखण्ड की सत्ता से बाहर करने की वैसी लड़ाई है, जिसे हर हाल में जीतना ही होगा। बुधवार को करमटोली चौक स्थित धूमकुड़िया भवन में झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि लम्बे समय से झारखण्ड विरोधियों का राज्य की सत्ता में कायम रहना ही यहां की बड़ी एवं विकट समस्याओं की जड़ में है और इसी के कारण वे सारे सपने टूट गये जो इस राज्य के विकास व आदिवासियों, मूलवासियों और इस प्रदेश के लोगों की खुशी के लिये झारखण्ड राज्य गठन आंदोलन के दौरान देखा गया था। डॉ मंडल ने कहा कि झारखण्ड को परेशानियों से मुक्ति प्रदान करने के लिये एकमात्र रास्ता यही बचा है और जिस प्रकार से आंदोलनकरियों ने अलग प्रदेश लिया है वैसे ही वे सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेकर विकसित और खुशहाल झारखण्ड बनायेंगे।



श्री मंडल ने कहा कि सरकार का ध्यान अपने भ्रष्टाचार पर लीपापोती करने और सत्ता बचाने पर है। इस अवसर पर बोलते हुए झारखण्ड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की ने कहा कि सभी पांच प्रमंडल में आंदोलनकारियों की गोलबन्दी कर वैसे प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा जाये जो अलग राज्य गठन के आंदोलनकारी रहे हैं। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा कि सूरज मंडल के नेतृत्व में झारखण्ड आंदोलनकरियों की आक्रोशपूर्ण लड़ाई की जरूरत है क्योंकि इसी से झारखण्ड की स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा से बहुत भरोसा था लेकिन उसमें वैसे तत्व भी शामिल हो चुके हैं जो आपराधिक प्रवृति के हैं। आंदोलनकारी विनोद कुमार भगत ने कहा कि आगामी चुनाव में झारखण्ड आंदोलनकारियों को एकजुटता के साथ अपनी बातों को मुखरता से लोगों के सामने रखना सबसे जरूरी है। बैठक में आंदोलनकारी सूरज प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि गैर आंदोलनकारियों को सत्ता से उखाड़ फेंकने की बजाय झारखण्ड की स्थिति में सुधार के लिये कोई और रास्ता नहीं बचा है। बैठक को पुष्कर महतो, रवि नंदी, सुरेन्द्र राज (गोमिया), संजीव कुमार वर्मा (रामगढ़), रामजी भगत (पाकुड़), अब्दुल कलाम (डालटनगंज), जयश्री दास, मानव घोष, किनू हेमब्रम, सुखदेव जी, अरुण कश्यप, जुबैर अहमद अंसारी, शफीक आलम सहित अन्य अनेक आन्दोलनकारियों ने सम्बोधित किया। बैठक में आन्दोलनकारियों की मुख्य समस्याओं के साथ ही राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखण्ड आन्दोलनकारियों की 16 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया और सभी पांच प्रमंडल के लिये कमेटी गठित की गयी जिसकी एक सप्ताह के अंदर पहली बैठक होगी।

## बाबूलाल मरांडी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र, कहा-

# पंडरा केस की जांच सीबीआई से हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में श्री मरांडी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से आग्रह किया है कि पंडरा ओपी में दर्ज प्राथमिकी की जांच सीबीआई से कराई जाये। उन्होंने लिखा है कि कथित वकील सुजीत कुमार पर ईडी को मैसेज करने के नाम पर अफसरों से ठगी करने का आरोप लगाया गया है। पत्र में आगे लिखा है कि जांच अधिकारी और जांच से जुड़े अन्य पुलिस अधिकारी इस मामले का उपयोग कर कई सरकारी अधिकारियों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। वहीं सरकारी अधिकारियों के निर्देश पर विपक्षी राजनीतिक दलों को फंसाने के लिये इस केस को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके पीछे सत्ता पक्ष के लोग काम कर रहे हैं।



उन्होंने पत्र में लिखा है कि ईडी के नाम पर धोखाधड़ी से जो राशि अर्जित की गई है। इसका इस्तेमाल चुनाव के लिये किया जा रहा है। कई सरकारी अफसर जांच के दायरे में हैं। उन्हें चुनाव के दौरान मतदान का प्रबंधन करने और चुनाव के दौरान उनके एजेंट के रूप में कार्य करने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पुलिस ने संजीव पांडे और वकील सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्हें विभिन्न थानों में छिपा कर रखा गया है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से आग्रह किया है कि पुलिस एसीबी से इस मामले को सीबीआइ में स्थानांतरित किया जाना चाहिये।

## झारखंड में गैस सिलेंडर के सिंबल पर चुनाव लड़ेगा जदयू




**रांची।** झारखंड विधानसभा का चुनाव जनता दल यूनाइटेड (जदयू) झारखंड में गैस सिलेंडर के सिंबल पर चुनाव लड़ेगा। चुनाव आयोग ने झारखंड जदयू को गैस सिलेंडर का सिंबल दिया है। इसे लेकर झारखंड जदयू को भारत निर्वाचन आयोग का पत्र मिला है। इस बात की जानकारी जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने दी है।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

गुरुवार 17.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 178

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### मुखिया के घर पर अपराधियों की धमक पुलिस को देख भागे

**महुदा।** महुदा मोड़ स्थित काण्ड्रा पंचायत की मुखिया रिंकु देवी एवं भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो के आवास पर मंगलवार की रात अपराधियों ने धावा बोला। मुख्य दरवाजा का ताला एवं कुण्डी तोड़कर अपराधी घर के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच खट खट की आवाज से धनेश्वर की नींद खुल गयी। घर से बाहर की ओर झाक कर देखा तो चार पाँच लोग हाथ में भुजाली और रड लेकर खड़े दिखे। उनका चेहरा ढका हुआ था। सभी बारामदा में खड़े थे। धनेश्वर की सूचना पर महुदा थाना की पुलिस पहुंची, जिसे देख अपराधी भाग निकले। सुबह जानकारी मिलते ही सांसद ढुल्लू महतो आवास पहुंचे। पुलिस को जांच कर अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को कहा। पुलिस जांच में जुटी है।

### एनएसयूआई ने चलाया जुड़ेगा विद्यार्थी, जीतेगा झारखंड अभियान



**धनबाद।** एनएसयूआई की ओर से राज्य भर में जुड़ेगा विद्यार्थी, जीतेगा झारखंड अभियान चलाया जा रहा है। इसी के निमित्त बुधवार को धनबाद में भी अभियान पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए छात्रों को एनएसयूआई के बारे में जानकारी दी गई। उनके कॉलेजो में व्याप्त समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया गया। छात्रों ने कॉलेजो में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने पूरे देश में एनएसयूआई संगठन के कार्य कलापों की जानकारी दी।

### तोपचांची सीओ और बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



- विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजनीतिक दलों से कहा गया कि किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए। निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो। कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो निर्वाचन कार्यालय से अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में कहा गया कि कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी समर्थकों को उसकी निजी भूमि,भवन,परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने,बैनर लटकाने,सूचना चिपकाने,नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं है। बैठक में निवास तिवारी, प्रमोद महतो, जितेन्द्र पाण्डेय, संतोष महतो, परशुराम महतो, जगदीश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# कार्यक्रमों के लिए सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य : डीसी

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग उपायुक्त ने की बैठक**

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने आज यहां कहा कि विधान सभा चुनाव के मद्देनजर अब राजनीतिक दलों को हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। सुश्री मिश्र समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निदेशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निदेशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया। वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी।




**ये भी थे उपस्थित**

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र के अलावा एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, वरीय पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग गालिब अंसारी, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग ध्रुव नारायण राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आनंद कुमार, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, कांग्रेस के संतोष कुमार राय, महेंद्र कुमार दुबे, झामुमो के मंटू कुमार चौहान, राजद के राजू यादव, आजसू पार्टी के रतिलाल महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### अधिक वोटर वाले बूथ पर पोलिंग ऑफिसर बढ़ाएं और सभी कोषांग तेजी से करें कार्य

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने 12 सौ से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। सुश्री मिश्र आज समाहरणालय स्थित सभागार में विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में सुश्री मिश्र ने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें।वही कार्मिक कोषांग को मैनपावर की आवश्यकता विधानसभा वार तैयार करने, शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर एवं नगर आयुक्त रविराज शर्मा के अलावा जिले के सभी छह विधान सभा के प्रभारी अधिकारी, राज्य कर उपायुक्त धनबाद प्रमंडल श्री गालिब अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर समेत विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

### सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी छः विधानसभा क्षेत्रों सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा के लिए नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा शांतिपूर्ण चुनाव कराने को प्रतिबद्ध हैं।

## राज्य में होगी डबल इंजन की सरकार तो होगा तेजी से विकास : मेघवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होने धनबाद पहुंचे। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेन्स और विकास दो एजेंडे के साथ भाजपा चुनाव में जाती है। उन्होंने कहा कि जहां भी डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है। अभी महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखण्ड में भी चुनाव है और जनता से यही कहना है कि अगर सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने। उन्होंने कहा कि महसूस किया गया है कि जहां भी डबल इंजन की सरकार नहीं है वहां विकास रुक जाता है और केंद्र से मिलने वाले फंड का डायवर्सन शुरू हो जाता है। अभी झारखण्ड सरकार पेंशन की सारी योजनाओं को बंद कर मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मंइयां सम्मान योजना में फंड का डायवर्सन हुआ हो। उन्होंने कहा भाजपा की गोगो दीदी योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा। हमारी सरकार आने के बाद इस योजना के लिए प्रॉपर फंड की व्यवस्था की जाएगी।

## दस दिवसीय एग्यारकुण्ड मेला को पुलिस ने जबरन बंद कराया

**मेले में हो रहा था उपद्रव**

**मैथन।** यंग स्टार क्लब द्वारा एग्यारकुंड पानी टंकी के पास फुटबॉल मैदान में दुर्गोत्सव पर आयोजित दस दिवसीय मेला को बंद कर दिया गया। गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार ने डीसी के निर्देश का हवाला देते हुए मंगलवार की रात दस बजे बलपूर्वक मेला बंद करा दिया। बता दें कि दो दिन से मेले में उपद्रव हो रहा था। झूला में चढ़ने को लेकर नोंक-झोंक हो रही थी। इससे पहले पूजा एवं मेला कमेटी में विवाद भी चला। बंद कमरे में कमेटी गठन व नौ लाख में मेला के कांट्रेक्ट पर सवाल उठाया गया। रसीद एवं आमंत्रण कार्ड में पदाधिकारियों के नाम को लेकर खींचतान चली। ओपी में और अध्यक्ष पिंटू सिंह के घर पर कई चक्र बैठक हुई। लेकिन विवाद नहीं सलटा। अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाते हुए महासचिव मुखिया अजय राम व कोषाध्यक्ष कुणाल पालित ने पद से इस्तीफा दे दिया। पूजा नजदीक आ जाने के कारण मान मनौव्वल के बाद दोनों कमेटी में वापस तो आ गये, लेकिन विवाद चलता रहा। कमेटी दो गुटों में बंट गयी। दशमी के बाद पास को लेकर खींचतान चली। एक गुट पास निर्गत करने की बात कर रहा था। पर अध्यक्ष सिंह ने इसपर रोक लगा दी। बात न बढ़े और शांतिपूर्ण मेला का समापन हो, इसीलिये दूसरा गुट चुप रह गया।

**एक नजर में**

### बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए संगोष्ठी, लोगों ने शपथ ली



**महुदा।** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत किरण मोंटेसरी स्कूल तेलमोचो में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण एवं बच्चों का संरक्षण व सुरक्षा के लिए लोगों ने शपथ ली। ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल मजदूरी रोक पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट बाल विवाह मुक्त एवं बाल मित्र जिला बनाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चला रहा है। संस्था द्वारा विभिन्न हितधारकों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मुमताज अंसारी, विद्यालय के प्रबंधक भागीरथ महतो, एस एन मोदक , ए के सिंह , विनोद कुमार मोदक, विकाश कुमार रवानी , मौसमी सिन्हा, रिंकु सिन्हा, पूजा कुमारी, सपना कुमारी आदि मौजूद थे।

### निरसा में एनएच टू पर फिर लगा जाम, 3 घंटे रेंगती रही गाड़ियां



**एसडीएम के निर्देश के बावजूद नहीं हटा एनएचएआई की जमीन से अतिक्रमण**

**मैथन।** निरसा चौक पर बुधवार को एनएच टू पर लगभग 3 घंटे तक जबरदस्त जाम लगा रहा। इस दौरान गाड़ियां रेंगती हुई चल रही थी। जाम के कारण यात्रियों, आम लोगों के साथ स्कूली बच्चों एवं मरीज को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के कारण एनएच-2 के दोनों लेन में लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। हालांकि निरसा चौक पर पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एवं जाम हटाने के लिए तैनात थी, परंतु पुलिस का प्रयास भी नाकाफी साबित हुआ। पिछले माह एसडीएम ने दिया था अतिक्रमण हटाने का निर्देश एनएचएआई द्वारा निरसा में एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने की बात जिला प्रशासन ने की थी। तत्कालीन एसडीएम ने निरसा पहुंचकर सर्विस लेन एवं एनएचएआई की जमीन से एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश सीओ को दिया था, जो आजतक नहीं हटाया गया। इस कारण आये दिन सड़क जाम से लोगों को जूझना पड़ता है।

## चिकित्सक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच**

**कतरास।** इलाज के दौरान महिला कीहुई मौत के मामले में बाघमारा थाना की पुलिस ने एन के क्लीनिक के संचालक डा. निखिल कुमार मंडल केखिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन पर गैर इरादतन हत्याका आरोप लगा है। महुदा थाना क्षेत्रके राधा नगर निवासी मृतका रेखा देवी के पुत्र रोहित कुमार दास के लिखित शिकायत केआलोक में दर्ज प्राथमिकी में डा. निखिल द्वारा गलत इंजेक्शन दिये जाने के चलते मौत का कारण बताया गया है। महिला बवासीर की बीमारी से पीड़ित थी। हरिना स्थितएन के क्लीनिक इलाज के लिए गयीथी। जहां उक्त चिकित्सक ने आपरेशन करने का सुझाव दिया था। आपरेशन का कुल खर्च 21000 रुपये बताया गया था। शिकायत के अनुसार जिसमें 14000 की राशि जमा किया था। मंगलवार को आपरेशन के दौरान उसको इंजेक्शन दी गयी। जिससे तबीयत अधिक बिगड़ गयी और उसकी मौत हो गयी थी। घटना को लेकर बवाल हुआ था। पुलिस के द्वारा ठोस कारवाई का आश्वासन दिये जाने के बाद लोग शांत हुये थे।

## झारखंड और महाराष्ट्र में एनडीए की होगी शानदार जीत : रमा सिन्हा

**23 को हरियाणा की तरह झारखंड में भी खिलेगा कमल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की मंत्री रमा सिन्हा ने कहा है कि झारखंड और महाराष्ट्र विधान सभाओं के चुनाव की घोषणा के साथ ही यह तय हो गया इन दोनों राज्यों में एनडीए की इस बार शानदार जीत होगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र के विकसित भारत @ 2047 के संकल्प के साथ आज पूरा देश है। उन्होंने आज यहां कहा कि झारखंड की जनता जहां इंडी ब्लॉक के भ्रष्टाचार से त्रस्त है, वहीं महाराष्ट्र के राष्ट्रवादी मतदाता महायुति अघाड़ी के घटक दलों की खींचतान और वर्चस्ववादी प्रवृति से मुक्ति चाहती है। विकास का स्वाद चख चुकी महाराष्ट्र की जनता अघाड़ी की किसी झांसा में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही वहां के मतदाताओं ने हर चुनाव की तरह भाजपा और एनडीए के पक्ष में रिकॉर्ड बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की विभाजनकारी नीतियों और देश को तोड़ने की साजिशों से झारखंड और महाराष्ट्र की जनता को सचेत रहने की जरूरत है।

### ईसीआरकेयू का चुनाव प्रचार समिति की बैठक में लिये गए कई निर्णय

**धनबाद की तीनों शाखाएं मिलकर करेंगी चुनाव का प्रचार और जनसंपर्क**

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की चुनाव प्रचार समिति की बैठक धनबाद शाखा एक में हुई, जिसमे यूनियन की मान्यता प्राप्ति के लिए आगामी 4,5,ओर 6 दिसंबर को होने वाले चुनाव पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगी। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि 17 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सुबह 8:30 बजे धनबाद में और 18 तारीख शुक्रवार शाम 6:00 बजे क्रू लॉबी धनबाद में जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में राजेश कुमार सिंह,राकेश कुमार,नेताजी सुभाष,एन के खवास,जे के साव,बी के दुबे,विश्वजीत मुखर्जी,रीतलाल गोप, प्रभाकर कुमार, संभुनाथ, एम.के.मुकेश, पिंटू नंदन, रंजीत कुमार यादव मौजूद थे।

# झारखंड में आ चुका है सरकार बदलने का समय: अर्जुन

**केन्द्र की मोदी सरकार गरीब और असहाय लोगों के लिए**

खबर मन्त्र संवाददाता




**मैथन।** झारखंड में चुनाव का बिगुल बजने के साथ भाजपा जोर शोर से मैदान में उतर गई है। बुधवार को चिरकुंडा टाउनहाल में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने केवल यहां के लोगों को छलने का काम किया है। पिछले चुनाव में किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। अब इस सरकार को बदलने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि आज की सभा में महिलाओं की उपस्थिति से साफ जाहिर होता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी भूमिका अहम होंगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीब असहाय लोगों के लिए है। मोदी सरकार ने नारी के वंदन का अवसर दिलाया है। एक अटके हुए बिल को संसद में सर्वसम्मति से पास कराकर इतिहास रचा है। श्री मेघवाल ने कहा कि हरियाणा के चुनाव में अनुसूचित जाति के लोगों ने अहम भूमिका निभाते हुए विजय दिलाई है। इसके बाद सभी दलों की नजर अनुसूचित जाति के वोटरों पर टिकी हुई है। इसलिए सजग रहने की जरूरत है और एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। उन्होंने कहा कि जम्मू-काश्मीर में धारा 370 अटका हुआ था, जिसे मोदी सरकार ने हटाकर राज्य को पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग बनाने का काम किया है। भारत के लोगों को जम्मू काश्मीर में नौकरी करने का रास्ता खुलवाया है।

**केंद्रीय मंत्री का हुआ स्वागत**

इससे पहले केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से केएफएस मैदान पहुंचे, जहां भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर एवं विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें काफिले के साथ चिरकुंडा के टाउन हॉल लाया गया, जहां उनका स्वागत झारखंड के पारंपरिक आदिवासी नृत्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर एवं देश भक्ति गीत के साथ हुई। निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर सम्मानित किया।

### फोटो को अश्लील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने से हुआ हंगामा

# अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से की कार्रवाई की मांग, पूर्व विधायक भी पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** डीनोबली स्कूल मुगमा के नौवीं कक्षा के तीन छात्रों ने कुछ छात्रों के फोटो को एडिट कर अश्लील बना दिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले को लेकर अभिवावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया।




बताया जाता है कि वायरल फोटो की जानकारी जब छात्रों के अभिभावकों को हुई, तो वे बुधवार को स्कूल पहुंचे और प्राचार्या शर्मिष्ठा मजुमदार से शिकायत की। अभिभावकों ने उन सभी छात्रों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। अभिभावकों ने थाना में उन लड़कों के खिलाफ शिकायत करने की बात कही। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी व निरसा थानेदार मंजीत कुमार दलबल के साथ स्कूल पहुंचे और प्राचार्या व अभिभावकों से मामले की जानकारी ली। निरसा थानेदार ने सभी अभिभावकों को थाना आ कर जानकारी देने की बात कही।

अभिभावकों ने बताया कि निरसा निवासी नौंवी कक्षा के तीन छात्रों ने करीब छह अन्य छात्रों एवं छात्राओं का फोटो एडिट कर अश्लील फोटो बनाया और इंटरनेट पर डाल दिया। आक्रोशित अभिभावकों ने उन तीनों छात्रों पर स्कूल प्रबंधन से कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक से माध्यस्थता करने को कहा। थानेदार ने भी शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही। प्राचार्या शर्मिष्ठा मजूमदार ने कहा कि ऐसी कोई घटना स्कूल परिसर में नहीं घटी है। यह स्कूल के बाहर की घटना है। फिर भी तीनों छात्रों के अभिभावकों को जानकारी दे दी गई थी। तीनों छात्रों को कक्षा से संस्पेंड कर दिया गया है। प्राचार्या ने अभिवावकों से बच्चों को मोबाइल से दूर रखने को कहा। कहा कि स्कूल परिसर में किसी भी बच्चे को मोबाइल लाने की इजाजत नहीं है।

## अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन वापस

**बेरमो।** पिछरी में ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को ओवर लोड हाईवा परिचालन एवं प्रदूषण के खिलाफ पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में छाई व कोयला लोड हाईवा ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन किया गया था। जिसे चुनाव आचार संहिता लागू होने से वापस लिया गया। मंगलवार को आंदोलन के तहत ग्रामीणों ने सुबह सड़क पर उतर छाई व कोयला लोड हाईवा को रोक वापस लौटा दिया गया था।

**खबर एक नजर में**

## हर्ल सिंदरी हेल्थ सेंटर में लगाया गया रक्तदान शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** हर्ल सिंदरी प्रबंधन द्वारा रोहड़ाबाँध स्थित हर्ल हेल्थ सेंटर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 4 अभियान के तहत बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 50 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

उद्घाटन हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और युवाओं के दृढ़संकल्प को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता बैनर भी लगाया गया। इस अवसर पर हर्ल एच आर हेड संत सिंह ने कहा कि हर्ल 3 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 4 आयोजित कर रहा है। रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम इसके हिस्सा होंगे। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में रक्त की कमी के कारण कई घायल जान गंवा देते हैं। रक्तवीरों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि हर तीन महीने में रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। एच आर सुजीत दुबे ने रक्तदान करते हुए कहा कि इससे अच्छी अनुभूति होती है।

थैलीसीमिया पीड़ित मरीजों को प्रतिमाह दो से तीन यूनिट रक्त का शिविरों में स्वैच्छिक दान से ही पूरा किया जा सकता है। रक्तदान शिविर में धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल की टीम ने सहयोग किया। मौके पर चिकित्सक डॉ जयेश प्रसाद, चिकित्सक डॉ ए एन सिंह, एच आर अधिकारी मंजूर अली, रजत रंजन, मंशुल जैन, दिनेश, राजकुमार सहित हर्ल की टीम मौजूद थी।

# बीडीओ ने राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन हटाने का दिया निर्देश

## राजनीतिक दलों को 48 घंटे के का समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बुधवार को बीडीओ मुरली यादव एवं सीओ देवराज गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बीडीओ ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आचार संहिता लागू होने के 48 घंटे के भीतर सभी प्रकार के राजनीतिक बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन आदि हटा लें।



आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई है। जमाताड़ा विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि वोटो की गिनती 23 नवंबर को होगी और 25 नवंबर को आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। बैठक में कॉग्रेस से सफाउल अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हीरालाल सोरेन,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिन्हा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी, बमशंकर दुबे,पहलू मंडल,जेएलकेएम से देवनारायण राय सहित कई पार्टी के नेता उपस्थित थे।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखण्ड सभागार में बुधवार को बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद मतदान केंद्र की स्थिति व चुनाव से संबंधित बैठक हुई।

पंचायत सचिवों को मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

सभी पंचायतों से राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन आदि को हटाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि एएमएफ, 85 प्लस वोटर, दिव्यांग वोटर, बैग का गठन कर कार्य शुरू कर दें। बीडीओ ने कहा कि कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अमित तिवारी, छत्रपति शिवाय किस्कू, बीपीओ श्रीकांत मंडल, बीपीआरओ लालू रविदास, रेणु कुमारी, सती बाउरी, ममता गुप्ता, अजीत कुमार, प्रकाश चन्द्र, पंचायत सेवक विनय किशोर, सूरज कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह, योगेश दत्ता, धीरेन्द्र कुमार तिवारी, कालीचरण कुमार, चन्दन मिश्र आदि मौजूद थे।

## एग्यारकुंड बीडीओ ने राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया



**मैथन।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही प्रशासनिक अधिकारी रेस हो गए हैं। बुधवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह एआरओ मधु कुमारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रतिनिधियों को चुनाव आचार संहिता के नियमों से अवगत कराया और उनसे नियमों के पालन करने की अपील की।

बैठक में सभी दलों के प्रतिनिधियों के बीच एसओपी की हार्ड कॉपियों का भी वितरण किया गया। बीडीओ ने राजनीतिक पार्टियों को क्या करना है, क्या नहीं करना है, आचार संहिता के दायरे में क्या क्या आएगा, उन सभी बिन्दुओं से अवगत कराया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से साफ शब्दों में कहा कि हर हाल में नियमों का पालन करना होगा। पालन नहीं करने पर कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस वोटर का नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पाया हो या डीलीट हो गया हो, वे 10 नवंबर तक फॉर्म भरकर नाम जुड़वा लें और वे मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

## बेरमो अंचल अधिकारी ने प्रदूषण की समस्या पर की त्रिपक्षीय वार्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /फुसरो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय स्थित सभा कक्ष में बुधवार को अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में छाई व कोयला ओवर लोड ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या पर त्रिपक्षीय वार्ता हुई जिसमें सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा एवं डीवीसी बीटीपीएस के प्रतिनिधि तथा पिछरी, मानगो, तुपकाडीह के ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

यहां बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग के आस पास रहने वाले ग्रामीण छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले वायु प्रदूषण से खासे परेशान है जिस पर नियम संगत कारवाई सुनिश्चित किया जाए। निर्देश देते हुए कहा कि इस ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े सभी हाईवा वाहन मालिक परिवहन के सारे नियम का अनुपालन करेंगे। कहा कि प्रदूषण को देखते हुए मार्ग में सघन आबादी वाले इलाके में पानी छिड़काव किया जाय। ग्रामीणों की मांग पर मार्ग में पानी छिड़काव किया जाएगा जिसमें तीनों क्षेत्र के प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र अथवा दिन तय कर पानी छिड़काव करेंगे। यहां सीसीएल अधिकारी से शुक्रवार से पानी छिड़काव का निर्देश दिया गया। पिछरी के ग्रामीण सूरज महतो ने कहा कि सीसीएल और डीवीसी बीटीपीएस से चलने वाले सभी हाईवा वाहन फुसरो जैनामोड़ मार्ग से होकर गुजरती है जिससे मार्ग में रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है और इस मार्ग में आने जाने वाले छोटे छोटे बच्चों एवं ग्रामीणों को छाई प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटना जैसी समस्या से जूझना पड़ता है। छाई परिवहन से ग्रामीण फेफड़ों और आंखों की बीमारी से ग्रसित हो रहे है। कहा कि दूसरे रूट का विकल्प रहने के बावजूद सभी हाईवा वाहन एक ही मार्ग पर क्यों चलाया जा रहा है। हाईवा मालिक अपने वाहनों को कल्याणी या डुमरी मार्ग से छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर सकते है। पूर्व में भी इन मार्ग से होकर वाहन गुजरती थी। कहा कि दूसरे रूट से परिवहन होने से फुसरो जैनामोड़ मार्ग में वाहनों का बोझ कम होगा। सीओ श्री सिंह ने कहा कि रूट परिवर्तन के लिए एमपीएल मैथन के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के बीच चर्चा कर तय किया जाएगा। कहा कि सभी से बातचीत कर इस समस्या पर विचार किया जाएगा। सीसीएल अधिकारी ने कहा कि रूट का कोई विकल्प नहीं है इसलिए हाईवा वाहन इसी मार्ग से चलेगी।

## पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक के पुत्र प्रोफेसर बिद्युत कुमार रॉय के निधन पर शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पी.के. रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ राय के इकलौते बेटे प्रोफेसर बिद्युत कुमार राय का निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन पर जिले में लोगों ने शोक जताया है। उन्होंने अपने धनबाद के 99 साल पुराने पैतृक निवास रॉय विला में अंतिम सांस ली। आज उनकी अंतिम यात्रा हीरापुर के पी के रॉय रोड से शुरू हुई। वह पी के रॉय कॉलेज में जूलॉजी के प्रोफेसर थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी छात्र से ट्यूशन फीस नहीं ली। वह हमेशा से छात्रों के सबसे चहेते प्रोफेसर रहे। आज उनके छात्र देश के कई उच्च संस्थानों में अपनी



सेवा दे रहे हैं। उनका इलाज भी उनके छात्रों ने ही किया। वह पत्नी और दो पुत्रों को छोड़ गए। उनके छोटे बेटे 36 देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में डिजिटल इंडिया के साइंटिफिक एडवाइजर हैं। नके परिवारजनों में शोक व्याप्त है।

## खेलो झारखंड वुशु प्रतियोगिता में धनबाद को 9 पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोरापोखर।** एसजीएफआई खेलो झारखंड राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में धनबाद जिला को कुल 9 पदक हासिल हुए। आज आर्यन स्पोर्ट्स क्लब,डिगवाडीह में सभी विजय प्रतिभागियों को धनबाद जिला वुशु संघ के महासचिव दिनेश यादव एवं संयुक्त सचिव राहुल आनंद ने बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता विगत 7 एवं 8 अक्टूबर को खेलगांव,रांची में हुई थी। विजय प्रतिभागियों में अंडर-17 बालिका वर्ग कृषि कुमारी 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई नंदनी कुमारी 52 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक, मां



राधिका इंटरनेशनल स्कूल, आमटाल अंडर-19 बालिका वर्ग डोली कुमारी महतो 48 किलो भार वर्ग में रजत पदक, डीएवी, सिंदरी आंचल कुमारी 65+ किलो भार वर्ग में रजत पदक, डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई शिल्पी जायसवाल 40 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक. राजकमल स्कूल, धनसारअलाफिया सलीम 65 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक, जेएनएमएस स्कूल,डिगवाडीह अंडर-19 बालक वर्ग जीत कुमार गोराई 75 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, डीएवी,मुनीडीह गणेश कुमार सिंह 45 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक, जेएनएमएस स्कूल, डिगवाडीह अभिजीत सिंह 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक। इस उपलब्धि पर धनबाद जिला वुशु संघ के अध्यक्ष तेज प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद महतो, ब्रह्मदेव यादव, महासचिव दिनेश यादव, संयुक्त सचिव राहुल आनंद, कौशल सिंह,अजय चौबे,अजय सिंह, संतोष सिंह, मोनू कुमार, कौशल कुमार, प्रियंका कुमारी यादव, बेबी कुमारी, रोहित मोदी, महेंद्र प्रताप, पलविंदर सिंह, संतोष यादव, प्रभास पांडे, पंकज शाह, राजेश यादव,आशीष जयसवाल, धनंजय गौतम, प्रकाश महतो, शुभम रजक आदि ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### धनबाद के गुरुनानक कॉलेज में हुआ शिक्षक-अभिभावक मिलन

# छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति व बहुमुखी प्रतिभा के विकास पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी विभाग ने बुधवार को कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में शिक्षक-अभिभावक मिलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के साठ छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो सोनू प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। प्रो इन चार्ज भूदा परिसर प्रो डॉ अमरजीत सिंह ने विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रबंधन पर विशेष बल दिया। प्रो इन चार्ज महिला शाखा, प्रो डॉ रंजना दास ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनकी शैक्षणिक प्रगति और बहुमुखी प्रतिभा के विकास की दिशा में पहल करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दिये। प्रो सिमरन श्रीवास्तव ने अतिथियों का




स्वागत किया। समारोह में अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। हिंदी-विभाग के अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आईआईटी आईएसएम में प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर प्रशिक्षण, वित्तीय नियमों की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के सीवीओ कार्यालय ने संस्थान के कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें सुबोध कांत, जीईएम ट्रेनर, झारखंड और बिहार क्षेत्र, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक प्रोक्यूर्मेंट के लीगल, प्रोसीजरल एवं रेगुलेटरी फ्रेमवर्क (कानूनी, प्रक्रियात्मक और नियामक ढांचे) और सार्वजनिक खरीद पर सामान्य वित्तीय नियमों के बारे में बताया। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र (ईडीसी) लाउंज में कल शाम आयोजित प्रशिक्षण में रजिस्ट्रार श्र्प्रबोध पांडे, गरीब नाथ सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, आईआईटी (आईएसएम) और सत्येंद्र कुमार, सहायक रजिस्ट्रार (सीवीओ कार्यालय) मौजूद थे। एक घंटे के प्रशिक्षण में सुबोध कांत ने गवर्नमेंट फण्ड (सरकारी धन)



के माध्यम से वस्तुओं की खरीद, गवर्नमेंट फण्ड (सरकारी धन) से कार्यों की खरीद और कंसल्टेंसी सर्विसेज (परामर्श सेवाओं) की खरीद के संबंध में सामान्य वित्तीय नियमों और केंद्र सरकार के दिशा निदेर्शों के बारे में भी जानकारी दी। 8 अक्टूबर को सुजीत पाराशर, वैज्ञानिक सी, डिप्टी डायरेक्टर, इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम द्वारा साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर सत्र का आयोजन किया गया था, जबकि एस पी, सी बी आई, ए सी बीधनबाद द्वारा नैतिकता और शासन पर प्रशिक्षण 10 अक्टूबर को आयोजित किया गया था।

# करोड़ों खर्च के बाद भी बेरमो की कुछ सड़को की हालत बद से बदत्तर

**पुल, पुलिया की बाते तो दुर, कई सड़क आज भी पड़े हैं अधुरे**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** ऐसे तो कहा जाये तो बेरमो की सड़के पहले से कुछ बेहतर हुई है मगर इसका क्या जाये जब करोड़ों खर्च करने के बाद भी आज बेरमो की सड़के बद से बदत्तर स्थिति में नजर आती है। इस बात का उदहारण देखना हो तो आप कुरपनिया, बीटीपीएस मुख्य मार्ग में कुरपनिया सिनेमा हॉल के समीप, जारंगडीह रेलवे क्रोसिंग के दोनो छोर पर तथा जारंगडीह अस्पताल से खेतको को जोड़ने वाली नवनिर्मित आधे अधुरे सड़क को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं। कुरपनिया सिनेमा हॉल के समीप गडडे का अंदाजा आप इसी से लगा सकते है कि जब कोयला ट्रान्सपोटिंग मे लगे हाइवा को गुजरने मे इससे दिक्कत होने लगी तो ट्रांसपोटिंग कंपनी ने खुद से ओबी गिराकर उस गड्ढे को भरा जबकि यह सड़क बने अभी मुस्किल से एक वर्ष का समय भी नहीं बिता होगा। दुसरी तरफ जारंगडीह रेलवे क्रोसिंग के समीप मुख्य मार्ग पर बने बड़े बड़े गड्ढे अपनी हाल खुद बया करते नजर आते हैं यहां आय दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं जारंगडीह और कथारा गोमिया को जोड़ने वाला कोनार नदी पर बना विशाल पुल खतरे की घंटी बजा रहा है। इस पुल मे जगह जगह गड्ढे हो गए हैं मगर देखने वाला कोई नहीं जबकि इसी रास्ते और पुल के द्वारा बेरमो के जनप्रतिनिधियों का बराबर आवागमन भी होता है। तिसरी सबसे बड़ी भ्रष्टाचार उस सड़क मे नजर आती है जिसका शिलान्यास बेरमो के विधायक द्वारा कई माह पूर्व किया गया था काम भी शुरू हुआ मगर संवेदक बिना काम पुरा किये ही चलता बना। यह सड़क जारंगडीह भगत सिंह चौक से जारंगडीह अस्पताल होता हुआ खेतको बाईपास यानी खेतको पुल से जुड़ना था। सवाल यह नही कि बेरमो विधानसभा में विकास कितना हुआ असल सवाल यह है कि विकास कार्यो की गुणवत्ता क्या थी जो महज एक वर्ष में ही विकास के दावों का पोलखोल कर दिया।

# बीएसएल के सतर्कता विभाग ने दिया क्षमता निर्माण प्रशिक्षण




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बोकारो स्टील प्लांट के फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया।

जिसमें विभिन्न विभागों के अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा एवं मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास के साथ संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक सतर्कता उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया आचार एवं नीति शासन आचरण नियम साइबर सुरक्षा क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था। इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने किया।

# कर्मियों के बीच जागरूकता सत्र का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अन्तर्गत सामग्री प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में मुख्य महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन हर्ष निगम मुख्य महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा तथा मुख्य महा प्रबंधक सतर्कता एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा की उपस्थिति में प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया। जागरूकता सत्र में संकाय के रूप में शनि रंजन सहायक महा प्रबंधक सतर्कता के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एबीएमएस के पृष्ठभूमि और कार्यान्वयन जैसे विभिन्न पहलुओं तथा अधिशासियों और कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा और विचार विमर्श किया गया। चित्रा पाराशर वरीय प्रबंधक सतर्कता के द्वारा क्रय मामलों के प्रसंस्करण में क्या करें और क्या न करें विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ केस स्टडी के माध्यम से चर्चा की गई।

भारत सरकार

कार्यालय अपर आयकर निदेशक (अन्वे.), राँची

सातवाँ तल्ला, केन्द्रीय राजस्व भवन एनेक्सी, एम. जी. रोड, राँची-834001

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड विधानसभा चुनाव– 2024 के दौरान झारखण्ड के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अवैध एवं काले धन का प्रवाह तथा उपयोग रोकने हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। नियंत्रण कक्ष दिनांक 16.10.2024 से मतदान के समाप्ति तक, 24 घंटे कार्यरत रहेगा। काले एवं अवैध धन के प्रवाह/उपयोग संबंधी सूचना/शिकायत आयकर विभाग को निम्नलिखित माध्यम से दी जा सकती है :–

(1) Toll Free (निःशुल्क) फोन नं. : 1800-345-5018, 1800-345-5019

(2) WhatsApp No.: 9693510277 (केवल सन्देश प्राप्त करने हेतु)

(3) E-mail: jharkhand.nodal.election@incometax.gov.in

काले एवं अवैध धन के प्रवाह/उपयोग संबंधी सूचना देने वाले का नाम एवं पता गुप्त रखा जायेगा।

अपर आयकर निदेशक(अन्वेषण)

-सह- राज्य नोडल अधिकारी झारखण्ड, राँची

## स्पीड न्यूज

### रिटायर्ड पोस्टमास्टर द्वारिका सिंह का निधन



बेरमो। भाजपा के वरीय नेता कांति सिंह के पिता द्वारिका सिंह रिटायर्ड पोस्टमास्टर 78 वर्षीय सावित्री कालोनी जारंगडीह निवासी का बुधवार को सीना में दर्द हुआ बाथरूम जाने के क्रम में गिर गये। उनके पुत्र बीजीएच लेकर गए किंतु डॉक्टर ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना था कि इनको हार्ट अटैक की वजह से ही निधन हुआ है। गुरुवार को दामोदर दुमुंहा नदी के पास अंत्येष्टि का कार्य किया जाएगा।

### ओम प्रकाश अग्रवाल बने मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट संस्थापक ट्रस्टी



बेरमो। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के परमसदात्री सदस्य बोकारो जिला मारवाड़ी सम्मेलन के मार्गदर्शक चिंतक, विचारक बेरमो शाखा की पूर्व अध्यक्ष श्रद्धेय ओम प्रकाश अग्रवाल के प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी बनने पर उन्हें बधाई देने वाले का ताता लगा हुआ है। बधाई देने वाले मे बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका सहित नेमीचंद गोयल, रामावतार कारिवाल, भवानी अग्रवाल, विनोद गोयल, अंकित गोयल, शंकर गोयल, अभय सिंह, पिंटू सिंह, टुनटुन तिवारी, दिनेश सिंह, मनोज गोयल आदि शामिल है।

### फांसी के फंदे से झूलता मिला गृहस्वामी का शव

सरैयाहाट। हंसडीहा पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के बनियारा गांव स्थिति एक मकान से एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से झूलते हुए बरामद किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को हंसडीहा थाना पुलिस को बनियारा गांव के ग्रामीणों ने सूचित किया कि गांव के एक बंद घर से दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस बनियारा गांव पहुंच घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर गृह स्वामी ब्रजेश कुमार फांसी के फंदे पर लटकता मिला। उसने कब फांसी लगायी यह किसी को पता नहीं है। क्योंकि वह घर में अकेले ही रहता था। उसकी मां और अन्य भाई हंसडीहा और दुमका में रहते हैं।

**बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा**

# प्रशासन निर्भीक व निष्पक्ष चुनाव कराने को है तैयार

**जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्र 1581 बनाये गये हैं**




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 34 गोमिया 35 बेरमो 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है।

उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने पत्रकारों से कहीं। जाधव ने बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1487103 है। 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 15904 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। जिले के सभी 04 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्र 1581 बनाये गए हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आईटीआई मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका सहित अन्य सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरैयाहाट : रेलवे स्टेशन के पास से युवक का शव बरामद

**सरैयाहाट।** हंसडीहा रेलवे स्टेशन से पुलिस ने एक युवक का शव लावारिस अवस्था मे गढ्ढे से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजी है। शव का शिनाख्त युवक के पास से मिले वोटर कार्ड से जरमुंडी थाना क्षेत्र के दो मुही गांव निवासी मंटू दास के रूप में हुई है। बुधवार शाम स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दिया कि एक युवक का शव रेलवे स्टेशन के समीप गढ्ढे में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना के अवर एसआई एलबी पासवान, एएसआई बीएन सिंह घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रहा है कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही पता चल पाएगा कि मौत कैसे हुई है।

समाहरणालय, लातेहार

(कार्मिक कोषांग)

प्रेसविज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचितकिया जाता है कि जो पदाधिकारी/कर्मी अपने गंभीर/ असाध्य/ जटिल बिमारियों के कारण विधानसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ हैं। वैसे पदाधिकारी/ कर्मी का दिनांक 16.10.2024 एवं 17.10.2024 को जिलास्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा समाहरणालय, लातेहार में स्वास्थ्य संबंधित जांच किया जायेगा। संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी निर्धारित तिथि को साक्ष्य सहित स्वयं उपस्थित होकर जांच कराना सुनिश्चित करेंगे।

मेडिकलबोर्ड द्वाराजांच के क्रममें यदि उनके दावेगलत/ असत्य पाये जाते हैं तो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

जिलानिर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लातेहार

PR 339127 Election(24-25)D

# जामा : 19 दिन बाद निकाला गया शव, पोस्टमार्टम को भेजी पुलिस

**मछली पकड़ने गया व्यक्ति का जाल में लिपटा मिला था शव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** कब्र से 19 दिन बाद बुधवार को शव को निकाल पोस्टमार्टम के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। यह कार्रवाई जामा पुलिस मृतक के पत्नी के गुहार पर की। पुलिस मामले में पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज करते हुए मजिस्ट्रेट सह सीओ अशोक बड़ाईक की उपस्थिति में शव को जमीन खोदकर कर निकाली। पुलिस थाना क्षेत्र के लगला पंचायत के बैसा जोरिया के पास से शव को जमीन खोदकर निकाला। जानकारी के अनुसार मृतक रघु किस्कू की पत्नी लुखी हेम्ब्रम ने मंगलवार को थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि 27 सितंबर की शाम को गांव के ही रविन्द्र हेम्ब्रम ने उसके पति को मछली पकड़ने के लिए ले गया। थोड़ी देर के बाद गांव के ही तापस बास्की के द्वारा सूचना मिला कि उसके पति जोरिया के किनारे बेहोश पड़ा हुआ है। जाकर देखी तो पाया कि मछली के जाल में उसका पति लपेटा हुआ घायल अवस्था में पड़ा पाया। घायल अवस्था में देख एम्बुलेंस बुलाया गया। एम्बुलेंस के स्टाफ द्वारा बताया गया कि उसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद 28 सितंबर को परिजनों ने रघु किस्कू के शव को बैसा जोरिया के पास दफना दिया। इससे पूर्व परिजनों ने पाया कि मृतक के शरीर पर काफी जख्म के निशान हैं। गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पायी गई। 2 अक्टूबर को गांव में पंचायती बुलायी गई। जिसमें पंचों के पूछने पर भी आरोपी रविन्द्र बास्की ने स्पष्ट कुछ नहीं बताया। इसके बाद मृतक की पत्नी ने पुलिस को सारे बातों से अवगत करायी।

# मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमों का करायें निष्पादन : डालसा




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लीगल एड क्लिनिक बसंतराय की डालसा की टीम ने ग्रामीणों को विशेष मध्यस्थता अभियान की जानकारी दी गई। टीम में शामिल जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू ने क्षेत्र के बोदरा पंचायत के गांवों में आयोजित शिविर में कहा कि समय-समय पर न्यायालय परिसर व परिवार न्यायालय परिसर में विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जाता है। इसमें पारिवारिक मामले के अलावा अन्य सुलहनीय मामले का त्वरित निष्पादन होता है। मध्यस्थता में दोनों पक्ष उपस्थित होकर सुलह कराकर मुकदमा का निष्पादन करा लें। ऐसे में मुकदमे के त्वरित न्याय के लिए यह सबसे उपयुक्त माध्यम है। इससे निष्पादित मुकदमे से दोनों पक्षों की जीत होती है और विवाद सदा के लिए खत्म हो जाता है। इसी क्रम पोडैयाहाट डालसा टीम में शामिल पीएलवी शंकर चंद सेन एवं मो हसीब ने डांड़ै गांव में, ठाकुरगंगटी के चांदा गांव में मुन्नी रानी व विमल टुडू, मेहरमा में रामविलास महतो, बोआरजोर में दयानदं यादव व अनिता टुडू, पथरगामा में दिलीप यादव व मीणू बेसरा, सुंदरपहाड़ी में चुनका मुर्मू व मंजूरी बीबी, गोड्डा में अजय टुडू व चंपा कुमारी ने अभियान चलाकर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी।

जाएं, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

–: आम सूचना :–

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत् आर0पी0एक्ट 1951 की धारा 127A में उल्लेखित है कि "Restrictions on the printing of pamphlets, posters, etc.- (1) No person shall print or publish, or cause to be printed or published, any election pamphlet or poster which does not bear on its face the names and addresses of the printer and the publisher thereof.

(2) No person shall print or cause to be printed any election pamphlet or poster -
(a) unless a declaration as to the identity of the publisher thereof, signed by him and attested by two persons to whom he is personally known, is delivered by him to the printer in duplicate; and
(b) unless, within a reasonable time after the printing of the document, one copy of the declaration is sent by the printer, together with one copy of the document, -
(i) where it is printed in the capital of the State, to the Chief Electoral Officer, and
(ii) in any other case, to the district magistrate of the district in which it is printed.
(3) For the purposes of this section, -
(a) any process for multiplying copies of a document, othe than copying it by hand, shall be deemed to be printing and the expression "printer" shall be construed accordingly; and
(b) "election pamphlet or poster" means any printed pamphlet, hand-bill or other document distributed for the purpose of promoting or prejudicing the election of a candidate or group of candidates or any placard or poster having reference to an election, but does not include any hand-bill, placard or poster merely announcing the date, time, place and other particulars of an election meeting or routine instructions to election agents or workers.

(4) Any person who contravenes any of the provisions of sub-section (1) or sub-section (2) shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months, or with fine which may extend to two thousand rupees, or with both.

सभी प्रिंटिंग प्रेस, हजारीबाग उपरोक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर नियमानुसार आर0पी0एक्ट 1951 की धारा 127A के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

PR 339122 (Election)24-25*D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, हजारीबाग

# बेरमो : सीसीएल के भूमि पूजन के बाद रैयतों और विस्थापितों मे भारी आक्रोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** इन दिनों सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के समक्ष सबसे बड़ी समस्या जारंगडीह खुली खदान की विस्तारीकरण को लेकर है, क्योंकि अगर जल्द ही जारंगडीह खुली खदान का विस्तारीकरण नही हुआ तो यह परियोजना बंद के कगार पर पहुच जायेगी। इसको लेकर सीसीएल जारंगडीह कोलियरी ने उपाय भी ढुंढ लिया है कि जारंगडीह टाटा ब्लाक कॉलोनी और ढोरी माता तिरथालय तथा गिरजा स्कूल को वहां से विस्थापन योजना के तहत हटा व दुसरे स्थान पर स्थापित कर जल्द से जल्द खदान का विस्तार किया जाये। इसको लेकर टाटा ब्लाक कॉलोनी वासियों को मुआवजा के साथ साथ स्थान भी चिन्हित कर दे दिया गया है मगर ढोरी माता तीर्थालय व स्कूल के लिए जिस जगह का चुनाव किया गया है वह स्थान विवादित बताया जाता है। यह स्थान जारंगडीह दक्षिणी पंचायत फुटबॉल ग्राउंड के ठीक बगल में स्थित है। सीसीएल प्रबंधन इसी स्थान पर ढोरी माता चर्च और स्कूल निर्माण करवाना चाह रही है मगर स्थानीय रैयत और विस्थापत इस जमीन को अपना रैयती प्लाट बताते जिसको लेकर रैयत न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा चुके हैं और फिलवक्त इस जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच बीते दिनों सीसीएल कथारा जीएम तथा दर्जनों अधिकारियों की उपस्थिति में इस विवादित जमीन पर बीना रैयतों को विश्वास में लिए ही भूमि पूजन कर दिया गया। यह बात जैसे ही रैयतो को पता चली सभी आक्रोश से भर उठे और रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी के समक्ष बात को रखते हुए सीसीएल प्रबंधन के मनमानी का जोरदार विरोध किया।

# दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला युवक गिरफ्तार

**दुबई से बिहार पहुंचा युवक, दुर्गा पूजा में महिला से मिलने पहुंचा था सरैयाहाट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दो बच्चे की मां को यौन शोषण व शादी कर घर नहीं ले जाने के आरोप में सरैयाहाट पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार युवक बिहार के पुर्णिया जिले के टेंगपट्टी थाना क्षेत्र के तीनटंगा गांव निवास रौशन कुमार मंडल, पिता विजय मंडल है। पुलिस मामले में पीड़ित महिला के लिखित आवेदन पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि एक साल से दोनों के बीच फोन से बातचीत होती रही। आरोपी युवक बीते 3 अक्टूबर को शादी का झांसा देकर बिहार के भागलपुर बुलाया और एक होटल में संबंध बनाया। इसके बाद महिला को दुर्गा पूजा में अपने गांव नहीं बुलाने पर आत्महत्या करने की धमकी दिया। इसके बाद महिला ने 13 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के अवसर पर आरोपी युवक को बुलायी। एक मंदिर में युवक ने महिला के मांग में सिंदूर डाल विधिवत शादी भी किया। बाद में युवक अपने घर बिहार ले जाने से इंकार कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस के शरण में पहुंची। इधर पुलिस सूत्रों की माने तो युवक दुबई में रहकर मजदूरी करता था। करीब एक साल से महिला से फोन पर बात होती रही। बीते 1 अक्टूबर को छुट्टी लेकर युवक अपने घर बिहार पहुंचा। जहां से महिला को फोन कर भागलपुर बुलाया।

समाहरणालय, सिमडेगा
(जिला निर्वाचन शाखा)

–:आदेश:–

लेक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में चुनाव प्रचार सामग्रियों के मुद्रण/प्रकाशन के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान अभिलिखित है :–

धारा–127 "(क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रणों पर निबंधन

(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिस के मुख्य पृष्ट पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।
(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को :–
(क) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा, जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं, अनुप्राणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है, तथा
(ख) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रतिदस्तावेज की एक प्रति के सहित–
(i) उस दशा में जिसमें कि वहराज्य की राजधानी में मुद्रित की जातीहै, मुख्य निर्वाचनपदाधिकारी को, तथा
(ii) किसीअन्य दशामें उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जातीहै, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।
(3). इस धारा के प्रयोजनों के लिए –
(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्नहै, यह समझा जायेगा कि वह मुद्रण है, और"मुद्रक" पद का अर्थ तदनुसार लगाया जायेगा, तथा
(ख) निर्वाचन पुस्तिका या "पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्परिवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रतिनिर्देश करने वाले को ईप्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारिख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्चासंबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अंतर्गत नहीं आता।
(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधोंमें से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छः) मासतक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

उपर्युक्त आलोक में मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटिंग के तीन दिनों के भीतर चार प्रतियों में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग (विधानसभा चुनाव, 2024) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, सिमडेगा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा व्यय में अनिवार्य रूप से शामिल किया जायगा।

किसी प्रत्याशी/व्यक्ति के द्वारा उपर्युक्त प्रावधान का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए विहित दण्ड अधिरोपित किया जाएगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जायगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR 339107 Simdega(24-25).D

# किसानों को लाभ

किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 150 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 2,425 रुपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है। जौ के लिए 130 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। चने के लिए 210 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। मसूर के लिए 275 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सरसों के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सरकार द्वारा यह कदम किसानों की आय में सुधार करने और उन्हें आर्थिक रूप से समर्थन देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र की फसलों के लिए गैर-यूरिया उर्वरकों पर 24,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने का भी निर्णय लिया है। इस सब्सिडी का उद्देश्य किसानों को उर्वरक की कीमतों से राहत दिलाना और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है। यह सब्सिडी विशेष रूप से रबी सत्र में बोई जाने वाली फसलों जैसे गेहूं, चना, सरसों आदि के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इन कदमों से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी, बल्कि कृषि उत्पादन में भी सुधार होगा। निश्चित ही सरकार द्धारा किसानों को दी गयी कृषि उत्पादों पर एमएसपी से किसानों को सीधा लाभ होता है लेकिन बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच का अंतर भी आनेवाले दिनों में एक चिंता का विषय है जो एमएसपी से अधिक होता है। ऐसे में सरकार को बफर स्टॉक के निर्माण में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लगातार बढ़ाई जा रही सब्सिडी न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती प्रदान करेगी। आवश्यकता है सरकार अधिक से अधिक अनाज खरीद पाये।

## आज का राशिफल

**मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8**

**वृष : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6**

**मिथुन : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5**

**कर्क : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9**

**सिंह : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कन्या : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9**

**तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9**

**वृश्चिक : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9**

**धनु : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8**

**मकर : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यो का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-3-5-7**

**मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6**

## कार्टून वर्ल्ड



# योगी का बंटोगे तो कटोगे का नारा झारखंड में भी गूंजेगा?



**झारखंड** और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीख तय हो चुकी है। यह तो तय है कि योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता पूरे देश में है। बंटोगे तो कटोगे का योगी का चुनावी उद्घोष का असर मतदाताओं पर विशेष रूप से देखा जा रहा है। जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पांच क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया, जिसमें से चार सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इसी तरह उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचार किया। यह तय है कि महाराष्ट्र के चुनाव में योगी का एक बड़ा कार्यक्रम होगा, लेकिन यक्ष प्रश्न है कि क्या झारखंड में योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के लिए आयेंगे या बुलाये जायेंगे?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर भाजपा के अंदर अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगातार तीसरी बार मिली जीत के हीरो बनकर उभरे हैं योगी। योगी ने हरियाणा में कुल 14 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं की जिसमें से 09 सीटों पर भाजपा को जीत हासिल हुई। यह स्ट्राइक रेट 70 फीसदी के करीब बैठता है जबकि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कुल 08 जनसभाएं की। जिसमें से कांग्रेस को मात्र दो सीटों पर ही जीत हासिल हो पायी। भाजपा की जीत में वोटिंग प्रतिशत का बढ़ना भी अहम रहा। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के समय हरियाणा में थोड़ी कमजोर नजर आ रही भाजपा को सही मौके पर यहां के वोटरों ने बूस्टर डोज दे दी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में 48 सीट जीतकर भाजपा सत्ता बरकरार रखने में कामयाब हुई, जबकि कांग्रेस को 37 सीट पर जीत मिली है। खासकर योगी के बंटोगे तो कटोगे वाले बयान ने भी योगी की जीत में अहम भूमिका निभायी।

कहने का तात्पर्य यह है कि सीएम योगी एक बार फिर से भाजपा के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए हैं। योगी का मंतव्य यह बताने के लिए काफी है कि हरियाणा में भाजपा का हिन्दुत्व का कार्ड तो खूब चला, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस का संविधान बचाओ का ढोंग और हिंदुओं को जातियों में बांट कर हिंदू वोटों में डिवीजन की साजिश परवान नहीं चढ़ पायी।

योगी ने हरियाणा में चार दिन और जम्मू-कश्मीर में दो दिन प्रचार किया। सीएम योगी ने 22 सितंबर को नरवाना, राई और असंध सीट पर चुनाव प्रचार किया। इन तीनों ही सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। इसके बाद 28 सितंबर को मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद, रादौर, जगाधरी और अटेली सीटों पर प्रचार किया। इन सभी सीटों पर भी भाजपा जीती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 30 सितंबर को बवानी खेड़ा में चुनावी जनसभा की थी। इस सीट पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की है। तीन अक्टूबर को उन्होंने सफीदों में जनसभा की, यहां भाजपा ने जीत दर्ज की है।



-एनके मुरलीधर

> भाजपा योगी का प्रचार उन क्षेत्रों में करवाती है, जहां जीत सुनिश्चित करानी हो। अगर योगी का झारखंड में कार्यक्रम होता है जिसकी पूरी संभावना है तो वह शहरी क्षेत्रों के अतिरिक्त पलामू प्रमंडल के उत्तर प्रदेश से सटे गढ़वा, मेदनीनगर सहित बिहार से सटे हजारीबाग, देवघर सहित उन जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में होगी जहां भाजपा उग्र हिंदूत्व को अपना जीतने का हथियार बनाती आयी है।

अब अगर जम्मू-कश्मीर में उनके ट्रैक रिकॉर्ड पर ध्यान दें तो बिल्कुल ऐसा ही नजर आता है, जिन सीटों पर उन्होंने चुनाव प्रचार किया वहां भाजपा का दबदबा रहा। योगी ने जम्मू कश्मीर के रामगढ़, आरएस पुरा दक्षिण, रामनगर और कठुआ में सभाएं की थीं। इन सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। उनका चुनाव के दौरान उनका जादू चलता नजर आया है।

भाजपा योगी का प्रचार उन क्षेत्रों में करवाती है, जहां जीत सुनिश्चित करानी हो। अगर योगी का झारखंड में कार्यक्रम होता है जिसकी पूरी संभावना है तो वह शहरी क्षेत्रों के अतिरिक्त पलामू प्रमंडल के उत्तर प्रदेश से सटे गढ़वा, मेदनीनगर सहित बिहार से सटे हजारीबाग, देवघर सहित उन जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में होगी जहां भाजपा उग्र हिंदूत्व को अपना जीतने का हथियार बनाती आयी है।

वैसे भी गोरखपुर पीठ हिंदू धर्म के उच्च परंपरा वाले संतों, सदगुरुओं की पीठ है जिसके देश में लाखों अनुआयी हैं। आज योगी की लोकप्रियता का परिणाम है कि यूपी में लगातार जीत हासिल हो रही है। लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर जीत का नकारात्मक असर से उबर चुके योगी आज विधानसभाओं में भाजपा के सबसे लोकप्रिय चेहरों में एक है। उत्साही समर्थक उन्हें देश के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर स्वीकार करते हैं। भाजपा निश्चत तौर पर योगी का कार्यक्रम झारखंड विधानसभा चुनाव में करेगी यह तय है।

भाजपा की अंदरूनी रणनीति के अनुसार पार्टी विधानसभा की 44 उन सीटों पर फोकस करने जा रही है जो सामान्य श्रेणी की आती है। उसके बाद आठ एससी सीटों पर भी पार्टी पूरा जोर लगायेगी। इन्हीं सीटों पर योगी आदित्यनाथ की सभा आयोजित करने से पार्टी अधिकतम लाभ में होगी। शेष 28 जनजातीय सीटों पर पार्टी का आत्मबल कमजोर है। माय, माटी, रोटी का नारा इन 28 सीटों को ध्यान में रखकर प्रचारित किया जा रहा है लेकिन इन सीटों पर चंपई सोरेन गीता कोड़ा और सीता सोरेन के माध्यम से ही कुछ सीटों पर उम्मीद कर सकती है।

लोकसभा के चुनाव के आधार पर पार्टी भले 55 विधानसभा पर आगे दिखती हो लेकिन विधानसभा में पहले के 65 सीटों के नारों का ध्वस्त होना अभी तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में पार्टी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। राजनीतिक समीकरण आजसू के साथ होने, झारखंड विकास मोर्चा का भाजपा में विलय से भाजपा के पक्ष में दिखता है लेकिन वर्तमान सरकार की लोक लुभावन कार्यक्रमों और स्थानीयता का भाव भाजपा पर भारी पड़ सकता है।

ऐसे में भाजपा के तरकश में जितने भी तीर है उन सब का इस्तमाल भाजपा अवश्य करेगी। इनमें एक योगी आदित्यनाथ भी है जो फिर से पूरे फार्म में है। भाजपा के कट्टर हिंदूत्व के सबसे बड़े फायर ब्रांड नेता का झारखंड के चुनाव में उपयोग न हो ऐसा संभव नहीं जान पड़ता है। चुनाव के रंग है उसमें भगवा के असर की परीक्षा भी है। किसी भी हाल में भाजपा हिंदूत्व को छोड़ नहीं सकती है। झारखंड में भाजपा जिन मुद्दों को उठा रही है उसमें हिंदुत्व की चासनी से लपेटी हुई है। घुसपैठ, धर्मांतरण, सत्ता रूढ़ दल पर सांप्रदायिक होने का आरोप जैसे मुद्दों के साथ है। देश में लंबे समय से स्थापित सेक्यूलरिज्म की काट भाजपा का हिंदूत्व ही बना। इस आधार पर भी झारखंड में भाजपा सफल होती रही है। यह अलग बात है कि जीत के साथ जो कमियां राजनीतिक दलों में आती है उसका शिकार भी भाजपा होती रही है। लेकिन जीत का अंतिम प्रयास में हरियाणा और कश्मीर का प्रदर्शन झारखंड में दोहराने का प्रयास करेगी।

## लेटर टू एडिटर

### रेवड़ी संस्कृति

**आज** रेवड़ी संस्कृति के दौर में प्रासंगिक लगा। आज राजनीति को रेवड़ी हाथ लग गई है और वह लगातार जनता को अपने मतलब के लिए बेवकूफ बनाकर सत्ता सुख भोग रही है। लोग भी लालच में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें अपने मतलब के सिवा कुछ और नहीं सूझ रहा। आज एक नीतिगत और जनकल्याणकारी घोषणा पत्र की जरूरत है जो लालच नहीं विकासवादी हो।

**-अमृतलाल सिंह, रांची**

### स्वच्छता जिम्मेदारी

**पीएम** शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हालांकि, कुछ राज्यों में स्वच्छता के मामले में सुधार की कमी है। डब्लू एच ओ के अनुसार, भारत में हर व्यक्ति औसतन 6500 रुपये बीमारियों पर खर्च करता है। हमें मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है। ,

**- रवि, रांची**

## X ट्वीट

**हेमन्त** जी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सम्मान राशि बढ़ाकर ?2500 प्रतिमाह कर दी है।

यही कारण है कि आज झारखण्ड की सभी महिलाएं अपने भाई हेमन्त सोरेन जी के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

**- कल्पना मुरमू सोरेन विधायक**

**भाजपा** की सरकार आने के तुरंत बाद 2.87 लाख नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही, 5 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाएंगे। झारखंड में भाजपा को वोट देकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाएं।

**- चंपईसोरेन, पूर्व सीएम**

# देश में रोबोटिक्स ने पकड़ ली रफ्तार

सामयिक

**संजय श्रीवास्तव**

**देश** में उद्योगों समेत विभिन्न क्षेत्रों में रोबोटिक्स का प्रयोग बढ़ रहा है। इसके निर्माण व एप्लीकेशन के लिए नये-नये स्टार्टअप भी उभर रहे हैं। इन रोबोट्स में से कोई सर्जन है, कोई टीचर, कोई रिशेप्सनिस्ट तो कोई सफाईकर्मी। एआई के विकास के साथ भी देश में रोबोटिक्स तरक्की कर रहा है। रोबोटिक्स के व्यापक क्षेत्र में रोजगार भी सृजित होंगे।

भारत कारखानों में कामकाजी रोबोट इस्तेमाल करने वाले देशों में संसारभर में सातवें नंबर पर पहुंच गया है। अब देखना है कि देश में रोबोटिक्स के क्षेत्र में जो आगामी लक्ष्य रखे गये हैं वे कहां तक हासिल हो सकेंगे। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय रोबोटिक्स रणनीति का मसौदा जारी किया था। उद्देश्य था, रोबोटिक प्रौद्योगिकी के नवाचार को मजबूत कर 2030 तक देश को रोबोटिक्स का हब बनाना। अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स महासंघ की रिपोर्ट बताती है कि ऑटोमेशन तकनीक अपना चुके हमारे कारखानों में हजारों रोबोट काम कर रहे हैं। दुनियाभर के कारखानों में कार्यरत 43 लाख रोबोटों की संख्या और बीते तीन साल से हर साल उनमें 5 लाख से ज्यादा की बढ़ोतरी को देखें तो यह तादाद मामूली है। देश में चलने वाले कारखानों की संख्या पर गौर करें तो रोबोट कार्यबल की सघनता नगण्य हो जाती है लेकिन कारखानों में रोबोट कार्यबल के मामले में देश का सातवें नंबर पर पहुंचना उल्लेखनीय है। दो साल पहले इस मामले में भारत संसार में 10वें स्थान पर था। पिछले पांच वर्षों में देश में इंडस्ट्रियल रोबोट की संख्या दोगुनी हो गई। साल 2016 से जो हमने रफ्तार पकड़ी तो 2023 तक 44,958 इकाइयों की संख्या पा ली। 2023 में 8510 नए रोबोट काम पर लगे।

**इस्तेमाल बढ़ने से स्थापित हुए स्टार्टअप**

उद्योगों में ऑटोमेशन बढ़ने के अनुपात में ही रोबोट वर्कर की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऑटोमोटिव और विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रोबोटिक्स की मांग ने इनकी संख्या में खासा इजाफा किया है। ऑटोमोटिव क्षेत्र में तो रोबोट इंस्टालेशन में रिकार्ड 139 फीसदी की बढ़त दिखी। देश में उद्योगों के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी रोबोट का इस्तेमाल बढ़ता देख आज साठ से अधिक स्टार्टअप रोबोट बना रहे हैं। कई कंपनियां मानव जैसे रोबोट बना रही हैं। अनुष्का, मानव, मित्रा, शालू वगैरह इसके उदाहरण हैं। इनमें से कोई सर्जन है, कोई टीचर, कोई रिशेप्सनिस्ट। इसरो अंतरिक्ष में भेजने के लिये व्योममित्र रोबोट विकसित कर रहा है, तो सेना ने निगरानी और युद्ध अभियानों में सहायता के लिए कुत्तानुमा रोबोटिक खच्चर विकसित किया है। आईआईटी कानपुर ने सीवर की सफाई में सफाईकर्मी की जान न जाए इस वास्ते रोबोट बनाया है। स्वदेशी सर्जिकल रोबोट मंत्रा ने सफल रोबोटिक कार्डियक सर्जरी का शतक पूरा किया, तो कुछ कंपनियां कैंसर, स्त्री रोग संबंधी ऑपरेशन के लिए कई रोबोटिक समाधान लेकर आयी हैं।

**एआई के विकास का असर**

आईआईटी प्रयागराज, दिल्ली, हैदराबाद एक साथ मिलकर उद्योग, कृषि, शैक्षणिक, सुरक्षा और घरों के लिए उपयोगी रोबोटिक्स तकनीक निर्मित करने में लगे हैं। पहले प्रशिक्षण फिर अनुसंधान और इसके आगे नवोन्मेष और अनुप्रयोग तक जाएंगे। रोबोट बनाने से लेकर रोबोटिक्स अपनाने के लिए वित्तीय सहायता देने की योजनाएं हैं। रोबोट बाजार पर नजर रखने वाली संस्थाएं कहती हैं कि 2027 तक जितने औद्योगिक रोबोट स्थापित होंगे, उनका सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिण एशियाई देशों में होगा। देश एआई क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करता जा रहा है, रोबोटिक्स के क्षेत्र में शोध, अनुसंधान और निर्माण के प्रयोग इस क्षेत्र को और सबलता दे रहा है।

**अर्थव्यवस्था के विकास में मददगार**

भारतीय रोबोटिक्स के विकास की गति उम्मीद बंधाती है कि हम 2030 तक रोबोट स्थापन के मामले में पांचवें स्थान के करीब पहुंच जाएंगे। कामकाजी रोबोट या कृषि, शिक्षा, मनोरंजन जैसे दूसरे क्षेत्रों में काम आने वाले रोबोट की संख्या वृद्धि को महज आंकड़े नहीं समझना चाहिये। रोबोट कर्मियों और जीवन के तमाम क्षेत्रों में एआई से लैस सहयोगी रोबोट या कोबोट्स का शामिल होना उद्यम उद्योग ही नहीं देश के स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण, विनिर्माण, जैसे तमाम क्षेत्रों की तस्वीर बदल देने वाला है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में हमें ऊपरी पायदान पर जाने में मदद करेगा। इससे विकट परिस्थितियों में किये जाने वाले मानवीय श्रम को राहत मिलेगी, रोबोट उत्पादकता बढ़ाने के काम आयेगा।

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील और चीन-पाकिस्तान की सांसें सील

सामयिक

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**अमेरिका** के साथ 31 एमक्यू -9इ ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्?तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क?योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है । इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं।

यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी । अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा।

इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्?तान-चीन या अन-?य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं के अंदर क?या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थितियां भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है।

यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई ? जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया । इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई ।

इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन-?हें भारत को मुहैया कराया जाए । इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक्की हुई। इसमें भी एक अच्छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए । मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी। । समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन दिए जाएंगे, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन दिए जाएंगे। इनको भारत की चारों दिशाओं में तैनात किया जाएगा।

अब रक्षा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इन मानव रहित विमानों का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। निश्चित ही इससे भारत को बहुत ताकत मिलेगी। ये अनुबंध दोनों देशों के रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देगा।

## स्पीड न्यूज

### भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी में शामिल हुयीं मधु गुप्ता



**रामगढ़।** लायंस क्लब रामगढ़ में मंगलवार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी रामगढ़ का सदस्यता ग्रहण समारोह हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने रामगढ़ की समाज सेवी मधु गुप्ता को पार्टी की सदस्यता दिलायी। मधु गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के सिद्धांत और उनके द्वारा संविधान बनाकर समानता का अधिकार से प्रेरित होकर आजाद समाज पार्टी में शामिल हुई हूं। कहा की आजाद समाज पार्टी दबे , पिछड़े और गरीबों के हक के लिए कार्य करती है। मौके पर जिला वरीय उपाध्यक्ष धनेश्वर राम, जिला सचिव संजय लाल विश्वकर्मा ,जिला उपाध्यक्ष तबरेज अलम ,जिला मीडिया प्रभारी आनंद राम ,राजेश राज, नरेश ,राजेंद्र कुमार रविदास,जयलाल रविदास, अरमान नायक, रीना चौधरी ,रिंकू देवी ,खुशबू देवी, रीता सोनी, नील मुनि, बेबी देवी, सिवनी, रुना नायक आदि उपस्थित थे।

### बड़कीपोना में लगा किसान शिविर



**रजरप्पा।** डायजॉय कंपनी एग्रीकल्चरल ने बड़कीपोना पंचायत सचिवालय में किसान जागृति शिविर लगाया। लोकेश ने कहा कि किसान इस देश का अन्नदाता है जब तक किसान अपनी खेती को सशक्त, फलदायी, उन्नत नहीं बनाएगा तब तक भारत की जनता का सुखमय तरीके से पेट नहीं भरा जा सकता। आज की पीढ़ी का खेती से मुंह मोड़ना दुख दाई है लेकिन यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज हमारी खेती में लागत बढ़ गई है इसलिए लाभदायी नहीं रही है। इसलिए अब किसानों को पानी की किल्लत असहाय होने पर मजबूर कर रही है इसके लिए अब जल संरक्षण के साथ-साथ जल दक्षता पर काम करना होगा फव्वारे ड्रिप से सिंचाई करनी चाहिए। शिविर को अध्यक्षा मुखर्जी, जीतेन्द्र कुमार, शक्ति कुमार आदि ने भी संबोधित किया। यहां पहुँचे कंपनी के लोगों का बुके देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया अरविन्द कुमार सिंह सहित प्रदीप कुमार, अमृत कुमार, रामबिलाश दांगी, रामध्यानी महतो, जीतभन महतो, निर्मल कुमार, बेबी कुमारी, वीणा देवी, कार्तिक महतो, बिरन महतो आदि किसान एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### मांडू बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण



**कुजू।** मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडू प्रखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही आगामी 20 नवंबर को होने वाले मतदान को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर बुधवार को मांडू बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रितिक कुमार ने दर्जनों बूथ केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के कुजू चौक स्थित आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पब्लिक हाई स्कूल कुजू, कुजू पश्चिमी एवं दक्षिणी पंचायत सचिवालय, मुरपा, कठरेहवा, चटनियांबस्ती स्थित नव प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित दर्जनों बूथ केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बुनियादी सुविधाए के बारे में सेक्टर मजिस्ट्रेट, विद्यालय प्रबंधन एवं पंचायत सचिव से जानकारी ली। वहीं कई बूथ केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैंप की कमियां पाई गई। जिस पर प्रबंधन एवं मजिस्ट्रेट को जल्द से जल्द बहाल करने का निर्देश दिया। बीडीओ रितिक कुमार ने बताया कि आगामी 20 नवंबर को मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडू प्रखंड में मतदान होना है। जिसको लेकर बूथ केंद्र का निरीक्षण किया जा रहा हैं। पहले दिन कोयलांचल कुजू क्षेत्र में 40 से अधिक बूथ केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मिले कमियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अर्जुन महली, कुजू पश्चिमी पंचायत सेवक शशि किरण, कुजू दक्षिणी पंचायत सेवक सुनील यादव,स्थानीय ग्रामीण नरेश वर्मा, पप्पू सरदार समेत कई बीएलओ मौजूद रहे।

### मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान करे प्रबंधन : डॉ. आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष सह ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने अपनी यूनियन की ओर से पाली हिल बियर फैक्ट्री प्रबंधन को सात सूत्री मांग-पत्र सौंप विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। समस्याओं के समाधान को ले डॉ. आशीष फैक्ट्री के डीजीएमएस एस रामा लिंगम से मुलाकात कर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है। कुमार ने कहा कि फैक्ट्री में बड़े मजदूरों का शोषण किया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रम मंत्रालय द्वारा 1 अक्टूबर से नई वेतनमान के हिसाब मजदूरों को प्रतिदिन 783 रुपया, कुशल मजदूरों को 1037 रूपया वेतनमान देना होगा। 12 प्रतिशत पेंशन काटने, सालाना बोनस देने, 12 घंटा की जगह मजदूरों से 8 घंटा काम लेने, मजदूरों को जूता, टोपी, पेमेंट स्लिप, मेडिकल सुविधा, न्यूनतम मजदूरी 26000 रूपया देने की मांग की।

# छठ व्रतियों को सताने लगी घाटों की सफाई की चिंता

## गंदगी से झील के साथ तालाबों की हो रही है दुर्दशा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** कार्तिक मास हिंदू समाज के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी महीने आस्था का महापर्व छठ बहुत ही शुद्धता के साथ किया जाता है। जहां हिंदू समाज का हर एक तबका आगे बढ़कर पर्व में हिस्सा लेता है और कोशिश करता है कि वह कुछ ऐसा करें जिससे छठ करने वाले को आराम मिले। इसके लिए सड़क की सफाई होती है और तालाबों को भी सफाई किया जाता है।हजारीबाग की झील के साथ तालाबों की दुर्दशा हुई पड़ी है। हजारीबाग वासी में छठ व्रती अर्घ कैसे देंगे ये लाख टके की सवाल है। दरअसल हजारीबाग में चार प्रमुख जल स्रोत हैं जहां अर्घ पड़ता है। पहला झील, दूसरा छठ तालाब, तीसरा मीठा तालाब और चौथा खजांची तालाब। इन चारों तालाब की स्थिति बहुत ही खराब है। झील में जलकुंभी इस तरह फैला हुआ है कि वहां अर्घ देने के लिए महिलाएं उतर नहीं सकती। छठ तालाब में पानी ही नहीं है और गंदगी का अंबार है। मीठा तालाब में गंदगी ही गंदगी है। खजांची तालाब की भी स्थिति खराब है।ऊपर से चुनाव की घोषणा हो गयी है। अब अधिकारी-कर्मी चुनाव की तैयारियों में जुट जायेंगे। ऐसे में सफाई कैसे होगी ये चिंता लोगो को खायी जा रही है। प्रशासन के रवैये को देखते हुए ऐसा लग रहा है जैसे लोगो को तालाबों की साफ-सफाई खुद ही करनी पड़ेगी।

**जलकुंभी की चादर से पटी पड़ी है झील :** हजारीबाग झील में जलकुंभी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसे हटाने के लिए नगर निगम से कई बार गुहार लगायी गयी। लेकिन निगम के अधिकारियों के कानो पर जू तक नहीं रेंग रही है। झील के सौंदर्यीकरण व सफाई के नाम पर करोडो रुपये का खेल हो गया। कितने ठीकेदार अधिकारी मालामाल हो गए लेकिन झील की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुवा। झील के किनारों पर दूर-दूर तक यह जलकुंभी की परत देखी जा सकती है। झील में फैली जलकुंभी पक्षियों के लिए अभिशाप बन गई है। झील में पक्षियों का कलरव बंद हो गया है, उनके बैठने के लिए किनारे पर पर्याप्त जगह नहीं हैं। इन पक्षियों में ज्यादातर फिश फीडर है, यानी मछली खाने वाले हैं। जलकुंभी से मछलियां ऑक्सीजन की कमी से दम तोड़ रही हैं। ये मछलियां जलकुंभी के नीचे है, इसलिए पक्षियों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा हैं। जलकुंभी से पानी की ऑक्सीजन लेवल कम होने का असर मछलियों के सेहत पर पड़ रहा है।

# उपायुक्त ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## वाहनों में नहीं लगा सकेंगे झंडे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक । उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मौके पर उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने सभी प्रतिनिधियों को पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी । वहीं, उन्होंने आदर्श आचार्य संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान क्या करें क्या ना करें इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि आचार संहिता के बाद निम्न कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध है। वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी वाहन किसी भी पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी आरओ से अनुमति लेकर गाड़ी में झंडे का प्रयोग कर सकेंगे।

**सरकारी वाहन राजनीतिक कार्य में प्रयोग नहीं :** निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है।

**लाउस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति :** किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस/रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी।

**200 मीटर के दायरे में प्रचार नहीं :** पोलिंग स्टेशनों के 200 मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नही होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा। नॉमिनेशन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही आरओ / एआरओ के कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने ईएसएमएस ऐप एवं सी विजिल ऐप की कार्यों को भी विस्तार पूर्वक सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरही अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू



**बरही।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही बरही अनुमंडल क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी जोहन टुडू ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को जातीय या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले कार्यों से सख्त रूप से प्रतिबंधित किया गया है। राजनीतिक आलोचनाएं केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित रहेंगी, निजी जीवन पर कोई टिप्पणी नहीं होगी। मतदाताओं से जाति या धर्म के आधार पर समर्थन मांगने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रत्याशियों द्वारा रिश्वत, धमकी, या मुफ्त परिवहन जैसी चुनावी धांधलियों की अनुमति नहीं होगी। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से किसी प्रकार की सार्वजनिक सभा या प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। बिना लिखित अनुमति के किसी की निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाने पर प्रतिबंध होगा। इसके अलावा बिना पूर्व अनुमति के जुलूस, सभा, या प्रचार कार्यों का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। ध्वनि यंत्रों का उपयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सरकारी गेस्ट हाउस या परिसर का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा।

# निगरानी व उड़न दस्ता दल गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिले के सात चेक नाका स्थलों पर स्थैतिक निगरानी दल एवं छह उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है, जो जिले में आने जाने वाले वाहनों पर निगरानी रखेगी। इस दौरान किए जाने वाले सभी कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सभी स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के प्रतिनियुक्ति प्रभारी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों की कठिनाइयों को भी दूर किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने ईएसएमएस ऐप एवं सी विजिल ऐप की कार्यों को भी विस्तार पूर्वक सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक सुनीता चौधरी ने रूपेश के मां की निधन पर जताया शोक



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा, बरवाटोला निवासी रूपेश कुमार की माता उमा कुमारी के देवलोकगमन के पश्चात उनके निज निवास पर आयोजित शोकसभा में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने पुण्यात्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना कि की ब्रह्मविलिन आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मना खाद्य दिवस

## शिक्षकों और छात्रों ने अन्न की बर्बादी रोकने का लिया संकल्प



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को खाद्यान का महत्व समझाते हुए इसकी बर्बादी को रोकने के लिए स्वयं जागरूक रहने और परिवार के लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अन्न बर्बाद न करने का संकल्प लिया। उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में के नारे लगाए गए। भाषण एवं वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने इस गंभीर मुद्दे पर अपनी बात रखी। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता माना जाता है और उसकी पूजा की जाती है। हमारे यहां खाने को बर्बाद करना पाप माना जाता है। इसके बाद भी लोग अन्न को बर्बाद करते हैं। लाखों लोगों को भूखा सोना पड़ता है। शादी-विवाह आदि उत्सवों पर जुटने वाली भीड़ भी खाना बर्बाद करती है। ऐसी बुरी आदतें हमारे जीवन का हिस्सा बन गई है। खाने की बबार्दी को रोकना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि भले ही दुनिया काफी मॉर्डन हो गई हो, लेकिन अभी भी लाखों लोगों को दो वक्त की रोटी के लिए तरसना पड़ता है। अधिकतर देश भुखमरी जैसी गंभीर समस्या की चपेट में हैं। वैश्विक आबादी के बढ़ने के साथ भुखमरी भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विद्यार्थियों के साथ आयोजित विशेष सत्र में शिक्षिका साधना सिन्हा ने इस वर्ष के थीम बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए खाने का अधिकार पर चर्चा करते हुए खाने का महत्व, सुरक्षा और भुखमरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। स्वस्थ भोजन, स्वच्छ पेयजल और संतुलित आहार के लाभ के बारे में बताया। भोजन और पानी की बबार्दी नहीं करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर में

### क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा खोड़ाहर रेलवे हॉल्ट : रंजीत चंद्रवंशी



**बरही।** खोड़ाहर में रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग पर पूर्व मध्य रेलवे ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। रेलवे के कॉमर्शियल इंस्पेक्टर बच्चा सिंह और राहुल कुमार ने खोड़ाहर संघर्ष समिति के सदस्यों से मुलाकात कर रेलवे हॉल्ट निर्माण की माँग को लेकर स्थल निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीणों और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक से भी मुलाकात कर हॉल्ट से संबंधित जानकारी लिए। खोड़ाहर संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ कमर्शियल इंस्पेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया और समिति की मांगों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। निरीक्षण के दौरान रेलवे हॉल्ट के निर्माण की जरूरत और इसके लाभों पर गहन चर्चा की गई। खोड़ाहर हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति व भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि रेलवे हॉल्ट के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी, जिससे न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी बल्कि स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। इस हॉल्ट का विशेष रूप से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, पशुपालन और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे हॉल्ट निर्माण से गौरिया करमा क्षेत्र के दर्जनों गांव के साथ साथ चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने हॉल्ट निर्माण के संबंध में सभी आवश्यक जानकारियों को इकट्ठा किया। उन्होंने मौके पर समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। साथ ही, रेलवे हॉल्ट की संभावनाओं और इससे संबंधित औपचारिकताओं का भी जायजा लिया गया। इसके अलावा, रेलवे अधिकारियों ने आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) के निदेशक डॉ विशालनाथ पाण्डेय से मुलाकात कर रेलवे हॉल्ट निर्माण से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। ग्रामीणों और विभिन्न कृषि संगठनों की मांग को देखते हुए, यह हॉल्ट स्थानीय कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में भी मददगार साबित हो सकता है। बताते चलें कि पशुपालन विभाग, बिरसा एग्रीकल्चर ने भी रेलवे हॉल्ट की मांग की है। जबकि रंजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में ग्रामीण वर्ष 2015 से रेलवे हॉल्ट की माँग को लेकर संघर्षरत हैं। मौके पर संगठन के संरक्षक भोला सिंह, उमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ऋतुराज सिंह, हरिताभ यादव, अरविंद कुमार विक्की, गणेश यादव टेंट, देव कुमार यादव, संतोष यादव, विकाश सिंह, राहुल कुमार समेत दर्जनों संगठन के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थें।

१६ है पी ३ : निरिक्षण करते अधिकारी

### एसबीआइ ने दिया बीमा क्लेम की राशि



**टाटीझरिया।** झरपो एसबीआई के ब्रांच मैनेजर विवेक कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का क्लेम राशि मृतिका की बेटी सुदामा देवी को 2 लाख का चेक दिया। बता दें कि टाटीझरिया प्रखंड खैरा पंचायत सिमराढाव निवासी मो चंदवा देवी पति स्व काली सिंह का खाता सीएसपी चंदन कुमार के पास खोला था जिसका एसबीआई द्वारा 436 रुपया का प्रधानमंत्री जीवन बीमा किया गया कुछ माह पहले चंदवा देवी की प्रति मृत्यु हो गई उसका कोई बेटा नहीं था सिर्फ बेटी थी बेटी का विवाह चुरचू प्रखंड के नगड़ी गांव में हुआ है ब्रांच मैनेजर विवेक कुमार ने चुरचू से बुलवाकर मृतिका की बेटी सुदामा देवी पति दीपनारायण सिंह को बीमा का क्लेम राशि 2 लाख रुपया का चेक दिया ब्रांच मैनेजर विवेक कुमार ने बताया कि हर खाताधारक को प्रधानमंत्री ज्योति बीमा बैंक में करवाना चाहिए बीमा करवाने से गरीब परिवार को भविष्य में घर परिवार को बहुत ही मदद हो जाती है बीमा हर खाताधारक को करवाना चाहिए। मौके पर बैंक सखी हेमंती देवी, एकाउंटेंट एम एस मुंडा,फील्ड ऑफिसर संदीप कुमार सौरभ ,शशि किरण सिंहा,रंजीत कुमार ,आशीष कुमार ,चंदन कुमार ,छोटन शर्मा सहित बैंक कर्मी उपस्थित थे ।

### शिव मंदिर में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ की शादी

**दारु।** झुमरा शिव मंदिर मे बुधवार को प्रेमी ने प्रेमिका की मांग मे सिंदूर भरकर उससे विवाह कर लिया। प्रेमिका कॉलेज का ड्रेस पहने हुए थी जबकि उसका प्रेमी अपने दो दोस्तों के साथ मंदिर आया था। लड़की की मांग मे सिंदूर भरते देख आसपास के लोग जमा हो गये और दोनों से पूछताछ करने लगे। ग्रामीणों के द्वारा पूछे जाने पर दोनो ने अपना घर चुरचू नगवा बताया। ग्रामीणों की भीड़ जमा होते देख दो बाइक पर सवार होकर दोस्तों संग चारो भाग गये।झुमरा और आसपास के क्षेत्र मे यह घटना काफी चर्चा का विषय बना रहा और लोग तरह तरह की बाते करने लगे।

### दारु : गड्ढे में फंसी बस, पलटने से बची

दारु। हजारीबाग से झुमरा होते हुए बरकट्ठा जा रही गौतम बस झुमरा से मेडकुरी के रास्ते मे तालाब किनारे गड्ढे में धंस गयी, गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बस खाली थी जो कि बुकिंग के लिए बरकठा तरफ जा रही थी तभी झुमरा मे यह हादसा हो गया है।

### आचार संहिता लागू होने के बाद विधायक ने कई जगहों पर किया शिलान्यास, भाजपा ने जताई आपत्ति

बड़कागांव। जहां एक ओर मंगलवार को चुनावी घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने के काम में लगी है वहीं बड़कागांव प्रखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद अपने लाव लश्कर के साथ आचार संहिता लगने के बावजूद भी मंगलवार देर शाम तक विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करती नजर आई, जिनमें मुख्य रूप से शाम 5:00 बजे के आसपास पंचायत नापो में सोमवार बाजार में सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास, 5:45 बजे लुरुंगा से इंदिरा मोड तक पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास, 7:00 बजे आंगो जतरा मेलाटांड़ में आंगो से शिमराजारा तक विद्युतीकरण का शिलान्यास, 7:30 बजे महुदी विद्यालय के पास महुदी से सुमागढ़ा तक पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास आदि शामिल हैं। जो आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उलंघन है। भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने मांग की जांच कर कार्रवाई करें अन्यथा पार्टी लिखित रूप से आगे चुनाव आयोग को शिकायत करेगी।

### रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट पर सेमिनार

बरही। रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम पर एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीसीओपीएल ग्लोबल इंस्टीट्यूट, कोलकाता के सहयोग से आयोजित होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने बताया कि यह सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम वर्तमान समय की मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके माध्यम से महाविद्यालय के टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ और छात्रों को लाभ मिलेगा, जो उनके भविष्य के विकास में मददगार साबित होगा। डॉ. विमल किशोर ने बताया, सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम संचार, टीमवर्क, समस्या समाधान और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। सॉफ्ट स्किल्स वे कौशल होते हैं जो व्यक्तित्व और व्यवहार से जुड़े होते हैं, और इन्हें विकसित करना आज के प्रतिस्पर्धी युग में बेहद महत्वपूर्ण है।

स्पीड न्यूज

## गिद्धौर थाना में मध्यस्थता शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में बुधवार को एक मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलको और पीएलवी पवन कुमार उपस्थित थे। शिविर में थाना क्षेत्र से आए घरेलू मामलों में पति-पत्नी के बीच समझौता कराया गया। पीएलवी पवन कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार और बुधवार को गिद्धौर थाना में मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## अफीम विनिष्टीकरण एवं उन्मूलन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को कुंदा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में थाना प्रभारी विपिन कुमार सिंह और वन कर्मियों के नेतृत्व में अफीम विनिष्टीकरण एवं उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एकता, मरगडा, गेंद्रा, कुटिल टीटी भागव समेत अन्य गांवों में अफीम की खेती करने वालों को होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बताया कि अफीम की खेती करना कानूनी अपराध है और अगर कोई अफीम की खेती करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल और जुमार्ना दोनों हो सकता है।

## अंतरजातीय विवाह पर अनुसूचित जाति समाज का विरोध

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश के अंतरजातीय विवाह ने सुर्खियाँ बटोरी हैं। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने सर्वसम्मति से रश्मि प्रकाश का सामाजिक और राजनीतिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। समाज का मानना है कि रश्मि का विवाह सामाजिक परंपराओं का उल्लंघन है और समाज के खिलाफ चुनौती है। अनुसूचित जाति समाज का कहना है कि इससे दलित युवक-युवतियों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए समाज ने रश्मि प्रकाश और उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने का फैसला किया है। बहिष्कार के तहत, समाज के लोग रश्मि के परिवार से किसी भी तरह का सामाजिक या राजनीतिक संबंध नहीं रखेंगे। साथ ही, दलित परिवारों को रश्मि के परिवार के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से प्रतिबंधित किया गया है।

## अंजनवा जलाशय में डूबने से दो की मौत

**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखंड के अंजनवा जलाशय में डूबने से एक 54 वर्षीय व्यक्ति और उसकी 11 वर्षीय पोती की बुधवार सुबह करीब दस बजे मौत हो गई। मृतकों की पहचान महेशा गांव निवासी कल्लू भुइयां और उनकी पोती चंचला कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, कल्लू भुइयां प्रत्येक दिन की तरह सुबह मछली पकड़ने गए थे। दुर्भाग्य से, दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से परिजन बेहद दुखी हैं। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम नेता मनोज चंद्रा, पंचायत के मुखिया मंजीत सिंह सहित कई लोगों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

## टंडवा एनटीपीसी संयंत्र से जहरीले राख की ढुलाई में अनियमितता

**चतरा।** टंडवा एनटीपीसी प्लांट के जहरीले राख की ढुलाई में लगी ट्रांसपोर्ट कंपनियां निर्धारित रूट का पालन नहीं कर रही हैं। वे टंडवा खलारी बिजुपाड़ा पब्लिक सड़क पर जहरीले राख का ढुलाई कर रही हैं, जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। मोदी कंस्ट्रक्शन कंपनी टंडवा सिमरिया मुख्य सड़क से एनटीपीसी का जहरीला फ्लाई राख की ढुलाई कर रही है। जहरीले राख की ढुलाई में पब्लिक सड़क पर गिरते राख से ग्रामीणों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। चतरा डीटीओ ने कहा है कि जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्टैंडिंग कमिटी की बैठक कर दिये कई निर्देश

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से हो अनुपालन : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी। वहीं बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों, राजनैतिक दलों व कमिटियों की बैठक की गयी, जिसमे कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया। वहीं स्टैंडिंग कमिटी की बैठक के दौरान उपायुक्त ने कमिटी के सदस्यों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है, उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी, साथ ही पूरे चुनाव के दौरान क्या करें और क्या नही करें, इस पर विस्तृत जानकारी दिया गया, चुनाव के दौरान दलों के प्रतिनिधियों को क्या करें और क्या नही करें, इस पर विस्तार से जानकारी दिया गया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के अंदर निजी सम्पति पर दलों के द्वारा लगाए गए बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन आदि को हटा लें। डीसी ने कहा कि मकान मालिक और निजी संपति पर दलों के प्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि को जल्द से जल्द हटा लें, हालांकि उन्होंने यह भी कहा की मकान मालिकों द्वारा अनुमति प्राप्त स्थानों पर पार्टी या व्यक्ति के द्वारा झंडा, बैनर, पोस्टर आदि को लगाया जा सकता है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि प्रत्याशियों के नाम वापसी की तिथि के बाद पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक के आवास पर झंडा विहित रीति का अनुसरण करते हुए लगाया जा सकता है तथा इसमे होने वाले खर्च को उम्मीदवार के चुनावी व्यय के खाते में शामिल किया जाएगा।

**बिना अनुमति के वाहन में नही लगाया जा सकता है झंडा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पार्टी कार्यकर्ता/समर्थकों के आवास पर किसी पार्टी या उम्मीदवार के केवल तीन झंडे ही इस्तेमाल किया जा सकता है, साथ ही वाहनों पर बिना अनुमति के झंडा बैनर नही लगाया जा सकता है।

**प्रचार सामाग्री का एमसीएमसी कमिटी से प्रमाण लेना अनिवार्य :** दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रचार से सम्बंधित विज्ञापनों, बैनर, पोस्टर समेत अन्य प्रकाशित की जाने वाली सामाग्रियों के लिए एमसीएमसी कमिटी से प्रमाणित कराकर अनुमति प्राप्त करना होगा। मौके पर उपायुक्त के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## कला एकीकरण पर इन हाउस सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आर्ट इंटीग्रेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे गैलेक्सी पब्लिक स्कूल हजारीबाग की प्राचार्या ऐन्ना कुट्टी एवं चंदन कुमार दूबे इंगलिश एचओडी सैनिक स्कूल तिलैया डैम ने बतौर सीबीएसई रिसोर्स पर्सन व मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया और उपस्तिथ शिक्षकों को शिक्षण पद्धति व आर्ट इंटीग्रेशन की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं को विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी पौधे दे कर स्वागत किया। कार्यशाला में झारखंड बिहार से दस अलग-अलग विद्यालयों नें हिस्सा लिया। वहीं विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने शिक्षण विधियों में कला एकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और शिक्षकों को अपनी पाठ योजनायों में रचनात्मक तत्वों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। वहीं रिसोर्स पर्सन ऐन्ना कुट्टी नें लेसन प्लान पर विशेष चर्चा करते हुए उसे और सुगम व प्रायोगिक बनाने की विधि बताया। वहीं रिसोर्स पर्सन चंदन कुमार दूबे ने कला एकीकरण कि विशेषताओं और लाभों पर मूल्यवान जानकारी साझा किया। मौके पर कुमार राजीव, मनीषा चंद्रा, विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सईद नसीम ने डीसी से की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उपायुक्त के माध्यम पत्र लिख झुमरीतिलैया नगर परिषद् में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद हुआ ठेका आवंटन को गलत व लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से किये जाने पर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए पत्र में कहा है कि नगर परिषद् झुमरीतिलैया में गड़बड़ी की नित्य मामले सामने आ रहें है। अभियंताओं के करतुतों के कारण नगर परिषद् इन दिनों लगातार चर्चा में है। समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि शहर में व्याप्त गंद्गी के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ने तथा अन्य शिकायतों के कारण आपके द्वारा स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इधर मंगलवार को समय 3:30 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत 5:23 मिनट में नगर परिषद् झुमरीतिलैया द्वारा ठेका आवंटन किया जाना आदर्श आचार संहिता का उलंघन है। पूर्व से ही मनचाही कमीशन नही मिलने के कारण नगर परिषद् द्वारा वार्ड संख्या एक में एक ठेका का आवंटन महिनों तक लटकाये रखा गया और इधर मंगलवार को आदर्श आचार संहिता की घोषणा की संभावना बनी तो टेंडर दिन में खोला गया। नियम के तहत डबल बीड के टेंडर में टेक्नीकल एवं फायनेंसियल एक ही दिन नहीं खोला जाना है। लेकिन नगर परिषद् के अभियंताओं ने चुनाव की घोषणा के बाद करीब 5 से साढ़े पांच बजे के बीच टेंडर खोल कर फाइनल किया है। इसके अभियंता दीपक साव 5 वर्षों से नगर परिषद् में जमे है। लंबे समय से इनका एक जगह जमे रहना निर्वाचन आयोग के आदेश को खुल्लमखुल्ला धज्जियां उड़ाने के समान है, पूर्व के बीते चुनाव में भी इनका आचरण नियम विरुद्ध लाभ पंहुचाने का रहा था। इनके द्वारा टेंडर अपने चहेतों को देने लाभ पंहुचाने के आरोप आये दिन लगते रहते हैं। सईद नसीम ने पत्र में मांग किया है कि गंभीर मामले की गहनता से जांच कर दोषी अधिकारियों व अभियंताओं के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाय।

## विधानसभा चुनाव को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को शांति, निष्पक्ष और भयमुक वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर आयोग के निर्देशानुसार एसडीओ रिया सिंह ने एक निर्देश जारी कर जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। इसके साथ ही अब किसी प्रकार की रैली, जुलूस, बैठक चुनावी प्रचार, सभा का आयोजन करने से पहले प्रशासन से अनुमति लेना होगा एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जाएगा।

## जागरूकता शपथ का आयोजन

**कोडरमा।** जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों के द्वारा चुनाव पाठशाला, रैली और मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन कर लोगों को बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं की हड़ताल से नौनिहालों की शिक्षा पर ग्रहण

**इटखोरी।** इटखोरी बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी मांगों के समर्थन में 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटक गया है, जिससे नौनिहालों के बुनियादी शिक्षा पर ग्रहण लग गया है।

## आय एवं व्यय कोषांग की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आय और व्यय कोषांग के पदाधिकारियों की बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने चेकपोस्ट पर हमेशा चौकस रहने का निर्देश दिया। वहीं सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर दायित्वों का निर्वहन करने आदि का निर्देश दिया गया।

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आदर्श आचार संहिता लागू होने की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर को चुनाव की घोषणा और जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने की जानकारी दी गई। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी योजनाओं और राजनीतिक दलों से संबंधित बैनर, पोस्टर हटाए जा रहे हैं, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के सहयोग की अपेक्षा की गई है। चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव 13 नवंबर 2024 को पहले चरण में होगा। उम्मीदवारों का नामांकन 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक, नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को और नाम वापसी की तारीख 30 अक्टूबर है। मतगणना 23 नवंबर को होगी।चतरा विधानसभा क्षेत्र में 475, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 419 और चतरा जिले के 20 मतदान केंद्र बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। जिले में कुल 914 मतदान केंद्र हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करने और चुनाव के दौरान सहयोग करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अचेत अवस्था में पाई गई नाबालिक के मामले में डालसा ने लिया संज्ञान

**कोडरमा।** सीडब्ल्यूसी कोडरमा को तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवम हॉस्पिटल के निकट अचेत अवस्था में लगभग 13-14 वर्ष की नाबालिक के मिलने के मामले में डालसा ने संज्ञान में लिया एवं उपरोक्त मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्णन तिवारी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रिंकी कुमारी, शैलेश कुमार एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से पूरे मामले की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही गौतम कुमार ने डालसा हजारीबाग से तत्काल बात कर नाबालिक को अस्पताल जाकर देखभाल करने एवं हर संभव सहयोग करने को कहा। साथ ही सीडब्ल्यूसी एवं डीसीपीओ को उसके परिजनों का पता लगाने का भी निर्देश दिया।

## आदर्श आचार संहिता पर राजनीतिक दलों संग डीसी की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता





**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में चुनाव की प्रक्रिया और आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यय कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज प्रजापति ने उम्मीदवारों को एसओआर के तीन प्रकार के पंजी, सफेद में दैनिक खर्च, गुलाबी में कैश खर्च और पीले में बैंक रजिस्टर पंजी का मिलान मतदान दिवस से पहले तीन बार करने के बारे में बताया। उम्मीदवार 10 हजार तक ही कैश खर्च कर सकते हैं और 10 हजार से अधिक खर्च के लिए चेक बुक या ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने नाम पर अलग से बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य है। अग्रणी जिला प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह ने खाता खुलवाने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत संपर्क करने और जल्द से जल्द खाता खुलवाने का कार्य करने को कहा ताकि समय पर चेक बुक और एटीएम उपलब्ध कराया जा सके। सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत कुमार ने सीवीजिल, वोटर हेल्पलाइन और सुविधा ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लोगों से इन ऐप की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को देने को कहा ताकि लोगों को समस्या न हो। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कहीं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है तो इसकी शिकायत सीवीजिल ऐप के माध्यम से की जा सकती है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार की रैली, वाहन, स्टार प्रचारक समेत अन्य से संबंधित अनुमति सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते हैं। वाहन के लिए अनुमति को लेकर कहा गया कि उन्हीं वाहनों की अनुमति मांगी जाए जिसका मोटर अधिनियम के तहत दस्तावेज है। सुविधा पोर्टल 48 घंटे पहले ऑनलाइन करने की भी बात कही गई। जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक उम्मीदवारों का नामांकन होगा, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी, 30 को नाम वापसी और 23 नवंबर को मतगणना होगी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्ची की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नादकरी निवासी अजहर अंसारी की सात वर्षीय बच्ची की मौत बुधवार को करंट के चपेट में आने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार करंट की चपेट में आने के बाद बच्ची के परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच कर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची के परिजन ने बताया कि बच्ची घर के समीप स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गई थी। घर के समीप बिजली पोल को बच्ची ने खेल-खेल में छू लिया। इस दौरान पोल से झूल रहे तार की संपर्क में आने से बच्ची को करंट का झटका लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

एक नजर में

## उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों की बैठक कर दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों की बैठक की गयी। जिसमें कोषांगों के वरीय नोडल और प्रभारी पदाधिकारी आदि शामिल हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कोषांगों के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर दिए गए निर्देशों का जल्द से जल्द पूर्ण करें।

बैठक में विधानसभा चुनाव को त्रुटिरहित सम्पन्न करवाने में कोषांगों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करने आदि का निर्देश दिया गया। वहीं इस दौरान पीठासीन पदाधिकारियों समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने, सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चित करने, साइनेज सुनिश्चित किये जाने को लेकर प्रखंडों के बीडीओ को निर्देशित किया गया। वहीं प्रत्याशियों के नामांकन व स्क्रूटनी में विशेष सावधानी बरतने आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## पंखे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या, मामला प्रेम प्रसंग



खबर मन्त्र संवादाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी 28 वर्षीय सुमंत कुमार सिंह पिता अजय सिंह का शव बंद कमरे में पंखे से दुपट्टा में लटका पाया गया। वहीं बताया जाता है की युवक रात को साढ़े नौ बजे के करीब घर पर आया, जिसके बाद अपने कमरे में गया और जब उसकी मां ने खाना खाने के लिए बुलाया तो नही आया। वहीं कुछ समय उपरांत जब परिवार के लोग बुलाने गए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला, जिसके बाद दरवाजे को धक्का देकर तोड़ा गया, जिसके बाद देखा गया की युवक पंखे से लटका हुआ है। वहीं आनन फानन में परिवार और आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले गये।

वहां से सदर अस्पताल भेजा गया एवं बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सकरी नदी स्थित मुक्तिधाम में संस्कार किया गया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। इस घटना के बाद पूरा गांव में मातम छाया हुआ है।

वहीं शोक व्यक्त करने वालों में बालमुकुंद सिंह, उत्तम सिंह, धीरज सिंह, तारणी सिंह, सुरेंद्र सिंह, विमल सिंह, चुन्नू सिंह, राहुल सिंह, पंकज सिंह, नीतीश कुमार, राजेश रंजन, प्रणव मुरारी, रंजन सिंह, दीपेश अग्रवाल, रंजन सिंह, पंकज गुप्ता, शशि सिंह, अभय कुमार, मुकेश सिंह, अरविंद सिंह, प्रवीण सिंह, रोहित दुबे समेत ग्रामीण मौजूद थे।


## पुल के दोनों ओर थाना द्वारा लगायी गई रेडियम पट्टी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित राधा पेट्रोल पंप के समीप पंचखेरो पुल के समीप आय दिन दुर्घटना होती रहती है। बताते चलें कि सोमवार की शाम उक्त पुल से नीचे एक बोलेरो गिर गयी थी, जिसमें सवार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं घटना की जांच के दौरान थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि घटना स्थल के निरीक्षण से ऐसा प्रतीत हुआ कि अगर पुल पर साइन बोर्ड लगा होता या पुल से पहले स्पीड ब्रेकर होता तो शायद घटना नही होती। इसके लिए पीडब्लूडी को लेटर भेजा गया है एवं थाना स्तर से पुल के दोनों ओर रेडियम की पट्टी लगायी गई है, जिससे वाहन चालकों को सुविधा हो सके।

## अवैध महुआ शराब कि भट्टी संचालित



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** वन आश्रयणी प्रक्षेत्र अंतर्गत डुमरियाटांड एवं फुलवरिया जंगल में वन कि कटाई कर अवैध महुआ शराब कि भट्टी संचालित किया जा रहा है। यहां से अवैध महुआ शराब बनाकर कोडरमा के आप पास के क्षेत्रों व बिहार के रजौली सप्लाई किया जाता है। जहां वन आश्रयणी प्रक्षेत्र में एक पत्ता भी नहीं तोड़ सकते हैं लेकिन शराब माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ो कि कटाई कर एवं वन आश्रयणी प्रक्षेत्र के घने जंगलो में ही अवैध महुआ शराब कि भट्टी संचालित किया जा रहा है। कोडरमा थाना कि पुलिस कई बार कार्यवाई कर प्राथमिकी भी दर्ज की है मगर वन आश्रयणी प्रक्षेत्र पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार कि कोई कार्यवाई नहीं किया जाता है। जबकि महुआ शराब के सरगना राजू सिंह एवं प्रभु सिंह के इशारे पर वन कर्मियों कि मिली-भगत से वन आश्रयणी प्रक्षेत्र के रास्ते ही ग्राम झरकी बिशुनपुर (पंचायत जरगा) होते हुए हरदिया (रजौली नवादा बिहार) व ध्वाजाधारी एवं बोनाकाली के रास्ते विभिन्न स्थानों तक अवैध महुआ शराब कि खेप को पहुंचाया जाता है।

# झारखंड में जनता दल (यू) को मिला गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न

■ झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्वाचन आयोग सचिवालय ने पत्र लिख कर दी सूचना

**विशेष संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में जनता दल (यू) गैस सिलेंडर के चुनाव चिह्न पर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। पहले यह चुनाव चिह्न भारतीय जनतंत्र मोर्चा का था। भारतीय जनतंत्र मोर्चा का विलय जदयू में हो जाने के कारण निर्वाचन आयोग ने यह चुनाव चिह्न जदयू को आवंटित कर दिया है। इस प्रकार श्री सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे, तो उनका चुनाव चिह्न गैस सिलेंडर होगा। 2019 में जब उन्होंने जमशेदपुर से चुनाव लड़ा था, तब भी उनका चुनाव चिह्न गैस सिलेंडर ही था।

गौरतलब है कि इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय की अंडर सेक्रेट्री जसमीत कौर ने 16 अक्टूबर 2024 को झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू ने गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग की थी। उनकी मांग के आलोक में आयोग ने जदयू को झारखंड में गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि जनता दल यूनाइटेड पार्टी बिहार, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में मान्यता प्राप्त पार्टी है, जहां उनका चुनाव चिह्न तीर है।

# को-ऑपरेटिव कॉलेज व एलबीएसएम कॉलेज में बनेगा ईवीएम डिस्पैच सेंटर, मतगणना सिर्फ को-ऑपरेटिव में

■ 20 अक्तूबर तक होम वोटिंग का आवेदन जमा लें बीएलओ
■ समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये निर्देश
■ एसएसपी समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी बैठक में रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**चुनावी तैयारी समीक्षा बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में सीनियर एसपी, सिटी एसपी, रुरल एसपी व अन्य पदाधिकारी।**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी व अन्य प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में क्रिटिकल बूथों को चिह्नित किये जाने, कल्स्टर से क्रिटिकल बूथों की दूरी, व्यय संवेदनशील पॉकेट, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जांच रिपोर्ट समेत अन्य बिदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गयी। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का अनुपालन एवं शैडो एरिया से संबंधित भी जानकारी ली गयी। साथ ही 20 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से होम वोटिंग का आवेदन जमा लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**दो स्थानों पर होगा डिस्पैच सेंटर, एक ही सेंटर में रिसिविंग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, पहुंच पथ, फर्नीचर, रैंप, शौचालय जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, दिव्यांग, बुजुर्ग आदि वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की भी समीक्षा की गयी। इस दौरान बैठक में लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित तैयारियों के विषय में भी चर्चा की गयी, एएमएफ को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों के जांच रिपोर्ट के अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहा की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने का निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कम से कम क्लस्टर बनाने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### जमशेदपुर की चारों सीटों पर एनडीए की होगी बड़ी जीत : ओझा



**जमशेदपुर।** झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को दोनों राज्यों के लिए चुनावी कार्यक्रम जारी किया, जिसमें महाराष्ट्र में एक चरण में और झारखंड में दो चरणों में मतदान की घोषणा की गयी है। झारखंड के दृष्टिकोण से चुनाव आयोग के इस निर्णय का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने खुले दिल से स्वागत किया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जमशेदपुर की चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा-एनडीए की बड़ी जीत का दावा किया और झामुमो-कांग्रेस- राजद गठबंधन सरकार की विदाई को निश्चित बताया। सुधांशु ओझा ने हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते पांच वर्षों में यह सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल साबित हुई है। झारखंड की जनता, जिसने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन पर भरोसा कर उसे सत्ता सौंपी थी, आज उन्हीं झूठे वादों से खुद को ठगा महसूस कर रही है। हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिन ब दिन खराब होती गयी है।

### झारखंड में बनेगी पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार : दिनेश

**जमशेदपुर।** केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराये जाने के निर्णय का भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कुमार ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि यह झारखंड की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। दिनेश ने कहा कि, झारखंड की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। जमशेदपुर पूर्वी और राज्य के अन्य हिस्सों में भाजपा की स्थिति मजबूत है।

# चाकू मार कर हत्या करने के मामले में आठ आरोपी धराये

■ गैंग ने दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान कई जगहों पर की थी मारपीट और चाकूबाजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष और रुरल एसपी ऋषभ गर्ग।**

**जमशेदपुर।** गत 13.10.24 को विजयदशमी के रात्रि में विसर्जन के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा मोटरसाइकिल में सवार होकर शहर में धूम कर मारपीट एवं चाकू बाजी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इन शोहदों ने उलियान के शहीद निर्मल महतो पथ निवासी 21 वर्षीय युवक देवराज पिल्ले की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। पिल्ले को इन शोहदों ने चाकू मारने से पूर्व बेल्ट से पिटाई की थी। इतना ही नहीं पुलिस को पुनः रात्रि में सूचना मिली की मेला देखकर घर जा रहे एक व्यक्ति को 8-10 लड़के जान मारने की नीयत से चाकु एवं बेल्ट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर भाग गए। इन शोहदों को एक बड़ी कार्रवाई के तहत पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह पूरा ऑपरेशन सीनियर एसपी किशोर कौशल के मार्गदर्शन में सिटी एसपी की अगुवाई में चला। गिरफ्तार शोहदों को सीनियर एसपी ने आज पत्रकारों के सामने पेश किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

**दो मामले थे दर्ज :** उक्त घटना के क्रम में क्रमशः 1. बिष्टुपुर थाना कांड संख्या 313/24 दि0 13.10.24 धारा 103(1)/3 (5) बीएनएस एवं 2. बिष्टुपुर थाना कांड संख्या 314/24 दि० 15.10.24 धारा 126(2)/ 115/118/ 118(2)/ 109/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त गिरोह का उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक महोदय (नगर) के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक महोदय सीसीआर की देखरेख में पुनि सह थाना प्रभारी के द्वारा अपनी नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किये जिसमें घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीबी फुटेज, टेक्निकल टीम की सहायता एवं गुप्तचर की मदद से इस तरह की घटना में शामिल सभी कुल 8 (आठ) अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से सभी के पास से कुल 07 (सात) मोबाईल फोन बरामद हुई तथा कांड में हत्या के लिए प्रयुक्त किया गया चाकु एवं 02 (दो) बाइक, 01 (एक) स्कूटी बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम**

1. मनमीत सिंह गुजराल उर्फ अनमोल (19) पिता स्व अमरजीत सिंह, गुरुद्वारा बस्ती रोड नंबर 1 हाउस नंबर 4 ए.
2. यश सोनकर उर्फ चीकू (18) पिता स्व ज्योति सोनकर, ओल्ड रानी कुदार गुरुद्वारा बस्ती
3. अभय यादव उर्फ टुनटुन (18) पिता नंद किशोर यादव, रोड नंबर 2 होल्डिंग नंबर 22 गुरुद्वारा बस्ती रानी कुदार
4. आरुष लाल (21) पिता केशव लाल रोड नं. दो क्वार्टर नं. 29 गुरुद्वारा बस्ती
5. प्रतीक कुंभार (18) पिता मंटू कुंभार हाउस नं 6 क्वार्टर नंबर 34 साउथ पार्क
6. अमृत सिंह उर्फ टिड्डा (20) पिता हरचरण सिंह पता गुरुद्वारा बस्ती
7. अनमोल लाल उम्र करीब 18 वर्ष पे0 रंजीत लाल पता क्यू रोड बिष्टुपुर
8. जोयदीप नायक उर्फ जोजो उम्र करीब 18 वर्ष पे0 सोनु नायक पता क्यू रोड क्वार्टर नं0 86 सभी थाना बिष्टुपुर जिला पूर्वी सिंहभूम

## एक नजर में

### चैम्बर भवन में दीवाली ट्रेड फेयर 21-22 को



**जमशेदपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कोल्हान के सबसे बड़े व्यवसायिक संगठन सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में आगामी 21 और 22 अक्टूबर को दो दिवसीय दिवाली टेज्ड फेयर का आयोजन चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में किया जायेगा। इस मेले की तैयारियों हेतु आज दीवाली टेज्ड फेयर 2024 का पोस्टर विमोचन किया गया। चैम्बर भवन में आयोजित इस पोस्टर विमोचन समारोह में चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष टेज्ड एंड कॉमर्स अनिल मोदी, उपाध्यक्ष उद्योग पुनीत कांवटिया ने संयुक्त रूप से इस पोस्टर का विमोचन किया। चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा देना चैम्बर का मुख्य उद्देश्य है। इस हेतु चैम्बर द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रम किया जाता है। इसी क्रम में स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिंहभूम चैम्बर द्वारा दीपावली टेज्ड फेयर 2024 का आयोजन आगामी 21 एवं 22 अक्टूबर को चैम्बर भवन में किया जा रहा है। उन्होंने से लोगों से आव्हान किया कि इस मेले में आकर मेले का लाभ उठायें।

### रौनियार वैश्य समाज का विजया दशमी सह पारिवारिक मिलन समारोह 17 को



**गम्हरिया।** आदित्यपुर-2 स्थित आनंद विहार सभागार में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक विनोद कुमार गुप्ता और अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद को बनाया गया है। इसके अलावा संगठन सचिव प्रमोद गुप्ता भी कार्यक्रम के संयोजक होंगे। उक्त कार्यक्रम में रौनियार समाज के सभी परिवार को आमंत्रित किया गया है। बुधवार को रौनियार वैश्य समाज की हुई बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया। बताया गया है कि इस दौरान अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य रौनियार की याद में एक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महापुरुष सम्राट हेमू रौनियार, चाणक्य, चंद्रगुप्त, राजा टोडरमल, महात्मा गांधी आदि के योगदान पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षिका आशा गुप्ता, प्रो0 शालिनि कुमारी, समाजसेविका रजनी गुप्ता, शिक्षिका निशा कुमारी, समाजसेविका रश्मी साहू, पम्मी गुप्ता आदि मौजूद रहेंगी। साथ ही, समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

### सुधा डेयरी की महिला कामगारों ने किया गेट जाम और जोरदार विरोध प्रदर्शन



**गम्हरिया।** गम्हरिया के सुधा डेयरी (जमशेदपुर डेयरी) में ठेकेदार विकास कुमार द्वारा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दिए जाने से आक्रोशित महिला मजदूरों ने बुधवार को गेट पर प्रदर्शन किया। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 470 रुपए समेत अन्य सुविधाएं नहीं देकर जबरन 280 रुपए में काम कराया जाता है। ठेकेदार से न्यूनतम मजदूरी की मांग करने पर काम से बिठा देने की धमकी दी जाती है। इसकी शिकायत डेयरी समेत सरकारी अधिकारियों से करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। करीब ढाई घंटे के बाद आश्वासन मिलने के बाद महिला मजदूर काम पर लौटे। इधर डेयरी के अधिकारी बी कुंडु ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। वहीं लेबर सुपरिटेंडेंट अविनाश ठाकुर ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### गोलमुरी जॉगर्स पार्क काली पूजा समिति के अध्यक्ष चुने गये विद्या भूषण मिश्र



■ सेवनिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर होंगे मुख्य संरक्षक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी जॉगर्स पार्क में इस वर्ष नवयुवक चेतना मंच द्वारा आयोजित काली पूजा में अनोखी पहल की जा रही है। समिति ने शहर की 5 सम्मानित महिलाओं, वृद्धाश्रम की 5 माताओं और पूजा समिति के सदस्यों की माताओं को सामूहिक रूप से काली पूजा पंडाल का उद्घाटन करने का अवसर दिया है। इस पहल के माध्यम से समाज में मातृशक्ति की भूमिका को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। नवयुवक चेतना मंच के अध्यक्ष के रूप में विद्या भूषण मिश्रा को चुना गया है, जबकि पूर्व पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर को मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस वर्ष के आयोजन के मुख्य संयोजक डॉ. कुंदन सिंह होंगे। पंडाल का भव्य उद्घाटन 30 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि को काली पूजा की विशेष आरती आयोजित की जाएगी। इसके बाद 2 नवंबर को महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही, 30 अक्टूबर से मेले का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। नवयुवक चेतना मंच का यह प्रयास मातृशक्ति के योगदान को सम्मानित करने और समाज में समर्पण और एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस दौरान उमेश प्रसाद, अरविंद पांडेय, पप्पू उपाध्याय, मंटू तिवारी आदि थे।

# इंडियन ओलंपियाड में आकाश इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, भारत का प्रमुख मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा कोचिंग संस्थान है। इस संस्थान के जमशेदपुर केंद्र के छात्रों ने इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमैटिक्स (आइओक्यूएम) 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। आइओओएम एक प्रतिष्ठित परीक्षा है जो देशभर के छात्रों को गणित में उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है। यह परीक्षा मैथमैटिक्स टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जाती है और छात्रों को आरएमएम (रिजनल मैथमैटिक्स ओलंपियाड) और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देती है। परीक्षा में समस्या समाधान, विश्लेषणात्मक सोच और गणितीय सृजनात्मकता पर जोर दिया जाता है, जिससे छात्रों की गणितीय कौशल का समग्र विकास होता है। इस वर्ष, आइओक्यूएम में देशभर के कई छात्रों ने भाग लिया, जिसमें झारखंड से 251 छात्रों ने सफलता हासिल की।

# वर्ल्ड स्टील ने टाटा स्टील को किया सम्मानित

■ प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट के लिए वर्ल्डस्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2024 मिला
■ गैस क्लीनिंग प्लांट में विस्फोट के खतरे कम करने वाले कंपनी के ऑनलाइन पर्जिंग असिस्टेंस मॉडल की हुई सराहना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन अवार्ड ग्रहण करते हुए।**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) द्वारा सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी के अत्याधुनिक ऑनलाइन पर्जिंग असिस्टेंस मॉडल के लिए दिया गया है, जो ब्लास्ट फर्नेस के गैस क्लीनिंग प्लांट (जीसीपी) क्षेत्र में विस्फोट के जोखिम को पूरी तरह से खत्म करता है। टाटा स्टील इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करने वाली दुनिया की छह प्रमुख स्टील उत्पादक कंपनियों में शामिल है, और भारत से इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली एकमात्र कंपनी है। वर्ल्ड स्टील सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2024 के लिए, वैश्विक स्तर पर स्टील उत्पादकों का मूल्यांकन चार महत्वपूर्ण श्रेणियों के तहत किया गया : सुरक्षा संस्कृति और नेतृत्व, ऑक्युपेशनल सेफ्टी मैनेजमेंट, ऑक्युपेशनल हेल्थ मैनेजमेंट, और प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट। यह पुरस्कार उन कंपनियों को प्रदान किया गया जो सुरक्षा और स्वास्थ्य में स्पष्ट और प्रभावशाली सुधार लाने में सफल रही हैं। राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील, ने कहा: टाटा स्टील अपने कर्मचारियों और हितधारकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, और इसके लिए नवीनतम तकनीकों और डिजिटल टूल्स में निवेश कर रही है। हमें खुशी है कि इस दिशा में हमारे प्रयासों को लगातार वर्ल्डस्टील द्वारा मान्यता मिल रही है, जो हमारी 'शून्य हानि' कंपनी बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# राज्य में जल्द चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग का स्वागत-बधाई : रामचंद्र सहिस

■ जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव प्रभारी बनाये गये कन्हैया सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**मानगो डिमना रोड स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक करते जुगसलाई से आजसू सह एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस। बगल में बैठे हैं चुनाव प्रभारी कन्हैया सिंह।**

**जमशेदपुर।** बुधवार को दोपहर 2 बजे आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस के आवासीय कार्यालय पर बैठक पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला में जुगसलाई विधानसभा में आजसू पार्टी एनडीए प्रत्यासी के रूप में चुनाव लड़ेगी और इसके लिए क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय नेता सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस उम्मीदवार होंगे। इसके लिए आजसू पार्टी जल्द ही सभी घटक दलों से एक समन्वय समिति का गठन किया जायेगा और सभी वरीय नेतागण के साथ आपसी तालमेल के साथ कार्य करना है और जीत सुनिश्चित करना है इसके लिए है सभी अपने अपने क्षेत्र में जाए और वोटरों के साथ बेहतर संबंध स्थापित किया जाये। रामचंद्र सहिस ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा झारखंड विधानसभा हेतु की घोषणाओं का मै स्वागत करता हूं और बधाई देता हूं।

### मशहूर संगीतकार मदन मोहन की याद में संगीत संध्या 19 को




**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था रौशने दीपक द्वारा प्रसिद्ध संगीतकार मदन मोहन को श्रद्धांजलि देने हेतु एक संगीतमय संध्या (मदन मोहन नाइट) का आयोजन बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन सभागार में 19 अक्टूबर शनिवार की शाम 6 बजे से होगा। जिसमें शहर के प्रसिद्ध गायक गीतों के माध्यम से महान संगीतकार स्व.मदन मोहन को श्रद्धांजलि देंगे। बुधवार को संस्था के अध्यक्ष रंजीत दास, सचिव राजेन्द्र साह राज एवं सलाहकार समिति की अध्यक्षा प्रणोति गोस्वामी ने यह जानकारी दी।

# सरायकेला : डीसी ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के दिये निर्देश

■ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में सभी आरओ व एईआरओ के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला बैठक करते हुए।**

**सरायकेला/ जमशेदपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में सभी विधानसभा क्षेत्र के आरओ एवं एआरओ के साथ बैठक सम्पन्न हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्री प्रभात कुमार बरदीयार, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री आशीष अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सरायकेला-खरसावां जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में जानकारी दी, तथा इसके प्रभावी नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागु होने के उपरांत अगले 24 घंटे, 48 घंटे तथा 72 घंटे में की जाने वाली कार्यों को निश्चित समयावधी में पूर्ण कराए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / कर्मियों को शौपी गई जिम्मेदारियां के निर्वहन में लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। अतः अपने जिम्मेदारियों का निर्वाहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विधानसभावार मतदान केंद्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की समीक्षा कर सभी मतदान केन्द्रो पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हेतु जिला स्तर से कैलेंडर निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गांव एवं पंचायत स्तर पर निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय भाषा में पंचायत स्तर पर लोगों की मतदान की प्रक्रिया, मतदान की तिथि, बूथ संख्या के जाँच तथा मतदान की महत्वता समेत विभिन्न बिन्दुओ के सम्बन्ध मं जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )

* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## स्पीड न्यूज

### एसडीएम-सीओ ने किया गिट्टी लदा ट्रक जब्त



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर चैनपुर वन विभाग के नाका के पास एसडीएम सुलोचना मीणा व सीओ चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में मंगलवार की रात 12 बजे सघन चेकिंग अभियान चला। इस दौरान अवैध गिट्टी लदा ट्रक (बीआर 53जी 1644) को जब्त किया गया। ट्रक सलतुआ की तरफ से डाल्टनगंज की ओर जा रहा था। एसडीएम सुलोचना मीणा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीओ चंद्रशेखर कुणाल को अवैध गिट्टी लदा ट्रक मालिक के ऊपर मामला दर्ज कराने का निर्देश दिया।

### लोजपा पलामू जिला कमेटी की बैठक



**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में पलामू जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पार्टी के प्रदेश कमेटी एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष आशा राय पासवान के निर्देशानुसार पलामू जिला महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रिया कुमारी सिंह को मनोनीत किया गया। बैठक में कई दलों से सैकड़ों नौजवानों ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एवं पार्टी सुप्रीमो राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के मजबूत बनाने हेतु सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अक्षय शर्मा, नितेश ठाकुर, राकेश प्रजापति, आशीष शर्मा, वारिस आलम भी थे।

### बैनर पोस्टर हटाने का कार्य प्रारंभ

**सतबरवा।** प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रखंड क्षेत्र में लहलहे पुल से बकोरिया गांव के सिवाना तक में लगाये गये विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का पालन सख्ती से किया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि आचार संहिता का पालन करने हेतु सभी नागरिकों की जिम्मेवारी बनती है ताकि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। एईआरओ ने कहा कि 13 को मतदान को देख मलय डैम के परिसर में रविवार को जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम किया गया है, जिसमें मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया जायेगा, ताकि अधिक मतदान हो सके। सतबरवा ब्लाक के तीन सीट मनिका (सुरक्षित) तथा पांकी और डाल्टनगंज भंडरिया (सामान्य) विस का चुनाव क्षेत्र पड़ता है। जिसमें मनिका में 13 बूथ पांकी के 19 और डालटनगंज के 21 बूथ आते हैं। इधर, बैनर पोस्टर और राजनीतिक दलों के झंडा हटाने में मनरेगा लेखपाल प्रेमचंद गुप्ता अपने सहयोगियों के साथ लगे हुए थे।

### खनवां में हाजी अनवर अहमद के दौलतखाने पर हुआ मिलाद शरीफ



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर। सदर थाना अंतर्गत ग्राम खनवां में मरहूम शरीफ अंसारी के बड़े लड़के हाजी अनवर अहमद ने अपने दौलत खाने पर 11वीं शरीफ के मौके पर गौसुलवरा मिलाद शरीफ का एहतेमाम किय। बाद नमाज मगरिब इस प्रोग्राम का आगाज कुराने पाक की तिलावत से हाफीज अख्तर साहब कि बला ने किया गया। इस प्रोग्राम मे पलामू के जाने माने खतीब कारी जसीमुद्दीन शमीमी की नूरानी तकरीर हुयी जिसमें उन्होंने गौस पाक के वाकियात को तफसील से बयान किया पोखराहा जामा मस्जिद के इमाम आलमगीर आलम शहंशाहे तरन्नुम पोखराहा शमीम अंसारी हाजी जनाब हफीज मास्टर मंसूर अली, सतबरवा के हसीब साहब, सिक्की के हाफीज जैनुल आबेदीन , सेलारी के नुरुल्लाह अंसारी, राजहारा के फारूक अब्दुल्ला, पोखराहा के साबिर हुसैन, चियांकी के ऐजाबुल अंसारी, पांकी से सादाब अजीजी रौनक ए स्टेज रहे। मिलाद शरीफ में मदरसा के व दीगर बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नातियों कलाम पेश किया। जिसमें गुलाम फरीद,आतिफ हुसैन,अफान रजा,एकरा हसन, शब्बा प्रवीण, जैनी प्रवीण ने नातिया कलाम पेश किया। महफिल ए मिल्लाद मे अब्दुल रशीद, बदरुद्दीन अंसारी, शाब्बा टेन्ट हाउस मौलाना जावेद, मोहर्रम इंतजामिया कमिटी सदर जुबैर अहमद, हिमालया कुल पानी प्लांट शाहपुर से जुनैद, जमील,अरशद, शोएब, शाहिद, सैफुल्ला हुसैन सद्दाम हुसैन हबीबुल्ल बशर अरसलान की मौजूदगी रही इन्तेजामिया कमिटी के सदर कमरूद्दीन अंसारी ने सभी मेहमानों की खिदमत गुजारी की।

### जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 19 आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार को देर शाम तक एक व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एएसआई जितेंद्र यादव और उनकी टीम के जवानों ने किया। रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। यह अभियान रेलवे परिसर में यात्रियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। यात्रियों के लिए स्टेशन का माहौल सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल लगातार प्रयासरत है। ये गिरफ्तारियां रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत की गयी। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 144 के अंतर्गत अवैध हॉकिंग के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं धारा 155 के तहत दिव्यांग कोच में अनाधिकृत यात्रा करने वाले 8 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गयी। जबकि धारा 162 के तहत महिला बोगी में अनाधिकृत यात्रा करने वाले 10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। अभियान के दौरान कुल 19 आरोपियों को विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। इन सभी पर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एएसआई जितेंद्र यादव ने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है और रेलवे सुरक्षा बल इसके लिए हर संभव कदम उठाएगा। इस प्रकार, रेलवे परिसर में नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की सक्रियता की प्रशंसा की जा रही है।

# पुरुषार्थी और कर्मठशील व्यक्ति को अंतिम क्षण तक अपने कर्म का त्याग नहीं करना चाहिए: जीयर स्वामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन श्रीमद्भागवत कथा-प्रवचन के दौरान श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि सृष्टि में कोई भी व्यक्ति बिना कर्म किये नहीं रह सकता। शास्त्रों में मुख्य रूप से तीन प्रकार के कर्म बताये गये हैं जिनमें एक होता है क्रियमाण कर्म, जिसका फल इसी जीवन में हमें तुरंत प्राप्त हो जाता है। दूसरा संचित कर्म, जिसका फल बाद में मिलता है और तीसरा प्रारब्ध कर्म जो व्यक्ति के भाग्य और जीवन का निर्माण करते हैं। यदि विपरीत परिस्थितियों में भी लोग सुखी रहकर मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे होते हैं तो इसका श्रेय उनके संचित कर्म को जाता है। स्वामी जी ने कहा कि अपने विचारों पर नियंत्रण रखो, नहीं तो वह विचार तुम्हारा कर्म बन जायेंगे और अपने कर्मों पर नियंत्रण रखो, नहीं तो वह कर्म तुम्हारा भाग्य बन जायेंगे। पुरुषार्थी और कर्मठ शील व्यक्ति को हमेशा अपने कर्म को अंतिम क्षण तक करते रहना चाहिए। कर्म का त्याग कभी नहीं करना चाहिए। स्वामी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि द्वारिकापुरी में धन-बल, पद-प्रतिष्ठा, रूप-वैभव, ऐश्वर्य, यश-कीर्ति भी अपूर्व थी। किसी चीज की कमी नहीं थी। केवल एक कमी है- धर्म, महात्मा, धर्म शास्त्र के वाक्यों पर शब्दों पर अश्रद्धा, अविश्वास हो गया। परिणाम क्या हुआ? भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि मानवीय जीवन में अगर उठन-बैठन, बोल-चाल, खान-पान, रहन-सहन चंचल हो जायेगा या भटक जायेगा तो इसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा।

**इनकी है भूमिका :** यज्ञाचार्य विजय राघव पांडेय, यज्ञब्रह्मा सुरेंद्र पांडेय, आचार्य कृष्णकांत पांडेय, कृष्णकांत दुबे, ललन त्रिपाठी सच्चिदांद दुबे, पद्मनाथ त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, विनोद तिवारी, उपेंद्र नाथ, गोरखनाथ पांडेय, विष्णु शंकर, संजय पाण्डेय, चंद्रकांत तिवारी, अमृतांश तिवारी, सहस्त्रांशु तिवारी, नृसिंह शुक्ल, संतोष चौबे, पवन पांडेय, संतोष तिवारी, जय प्रकाश पांडेय, संपत चौबे, अशोक पांडेय, नितेश पांडेय, चंदन तिवारी, छोटन तिवारी, उमेश नाथ तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, संजय पांडेय, राजाराम पांडेय, धनजी चौबे आदि आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया है। मुख्य यजमान ददन सिंह, सुनील तिवारी, विजय शुक्ला, विनय सिंह आदि यजमान हवन कुंड में हवन कर रहे हैं। बुधवार को सुबह चार बजे से ही परिक्रमा करने वालों की श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस प्रशासन और यज्ञ समिति के वोलेंटियरों को भीड़ संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।





**यज्ञशाला की परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब :** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के यज्ञशाला के परिक्रमा में महिला पुरुष श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले चार बजे सुबह के पहले से ही श्रद्धालु परिक्रमा करने लगें थे। बुधवार को यज्ञशाला की परिक्रमा में जो श्रद्धालुओं का जनसैलाब था लोगों को उसकी उम्मीद भी नहीं थी। यज्ञशाला में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वैदिक मंत्रोचार के साथ आहुति और स्वाहा वेद मंत्र, ऋत्विक से यज्ञशाला भक्तिमय हो गया।

**पाटन मोड़ से सिंगरा मोड़ तक दिन भर लगा रहा जाम :** सिंगरा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी। महायज्ञ के कारण लगभग दिन भर पाटन मोड़ से सिंगरा तक जाम सा लगा रहा। पुलिस प्रशासन के साथ साथ महायज्ञ के वोलेंटियर दिन भर जाम हटाते रहे।

अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ **पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# पड़वा पुलिस ने यूपी से ला रहे छह लाख की शराब जब्त की

खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** पंडवा पुलिस ने अवैध तरीके शराब बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 6 लाख रुपए का अंग्रेजी शराब बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस निरीक्षक अनील कुमार सिंह एवं पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से दिया।

थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर गश्ती बढ़ा दी गई है। मंगलवार की रात पुलिस पड़वा वन विभाग के नाका के पास गश्ती पर थी इसी दौरान पड़वा मोड़ के तरफ से मेदिनीनगर के तरफ आ रहे पिक अप वाहन को संदेह के आधार पर पुलिस ने रूकने का इशारा किया लेकिन चालक वाहन नहीं रोका। पुलिस ने जब वाहन का पीछा किया तो पकड़ें जाने के डर से पड़वा मध्य विद्यालय के पास वाहन खड़ा कर चालक अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गया।



जब्त शराब के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी।

**खास बातें :** थाना प्रभारी ने बताया कि जब वाहन की जांच की गयी तो वाहन में शराब की पेटी थी। शराब उत्तर प्रदेश से पलामू लाया जा रहा था। क्योंकि शराब की पेटी पर सेल फॉर उत्तर प्रदेश लिखा हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि विधानसभा चुनाव को देख शराब कारोबारी दूसरे राज्यों से शराब लाकर स्टाक करना चाह रहे हैं ताकि चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर बिक्री की जा सके। रायल स्टेग की 29 पेटी बरामद की गयी है जिसमें प्रत्येक पेटी में 12 -12 बोतल है। आफिसर च्वाइस के 68 कार्टून में 3264 पीस है। बरामद शराब की कीमत लगभग 6 लाख रुपये है। शराब छिपाने के लिए वाहन में शराब की पेटी के ऊपर सब्जी का खाली कैरेट रखा हुआ था ताकि किसी को संदेह नहीं हो।

# विधानसभा चुनाव व आचार संहिता को लेकर विश्रामपुर बीडीओ ने कर्मियों संग की बैठक

- सभी पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू किया गया
- प्रखंड परिसर में लगे बैनर पोस्टर को प्रखंड प्रशासन के द्वारा उखाड़ दिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह के द्वारा प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की गयी। जहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए आदर्श आचार संहिंता का सख्ती से अनुपालन करने व मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान के लिए प्रचार-प्रसार करने, स्वीप गतिविधियों का संचालन सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गयी। साथ ही सभी पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू किया गया। प्रखंड परिसर में लगे बैनर पोस्टर को प्रखंड प्रशासन के द्वारा उखाड़ दिया गया। सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं के लगे बैनर पोस्टर को हटाने का आग्रह किया। इसके अलावा चनाव अवधि में चुनाव संबंधी सभी कार्य समय पर निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया।





प्रखंड कर्मियों की साथ बैठक करते बीडीओ।

## भीषण हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सहित दो गंभीर

- चालक की घटनास्थल पर ही मौत,बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुआ सड़क दुर्घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** भीषण सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। यह दुर्घटना मंगलवार की रात बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुई है। मंगलवार की रात ब्रह्मदेव रांची से गया जा रहे थे। गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी इनोवा कार को जोरदार टकर मार दी। घटना रात एक बजे की बतायी जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और घटनास्थल पर ही चालक विजय शर्मा की मौत हो गयी। कार में सवार ब्रह्मदेव प्रसाद व संतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को गया में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्री प्रसाद की गंभीर स्थिति को देख पटना रेफर कर दिया गया। जहां उनकी स्थिति नाजुक है। इस दुर्घटना के बाद उनके समर्थक काफी दुखी और मायूस हैं।

## बिहार के 12 वर्षीय बच्चा को किया रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी पलामू को सौंपा

- पूर्व मध्य रेल खंड में जपला स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व मध्य रेल खंड के जपला रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाया, जिसमें मंगलवार को प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक 12 वर्षीय बच्चा संदिग्ध हालत में घूमता मिला। बच्चे से गहनता से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित राज पिता राज कुमार ग्राम नेहालपुर पोस्ट रत्नी थाना जहानाबाद बिहार बताया। आगे उसने कहा कि मेरी मां की मृत्यु हो गयी है और मेरे पिता शराबी हैं। मैं अपनी बुआ के घर जाने के क्रम में ट्रेन पकड़ लिया और भटक कर जपला स्टेशन आ गया। उसने एक दूरभाष नंबर (9006460572) बताया। जिस पर फोन करने पर एक महिला (रिश्ते में चाची) बात की। परंतु उस लड़के पालक या पोषण संबंधित कोई रिश्ता नहीं होने की बात कही। इधर, निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस ने बच्चों को खाना-पीना खिलाया एवं उसके साथ मानव तस्करी या अन्य घटना न हो इसलिए कार्रवाई के बाद पलामू जिला समाज बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया।

### व्यवसायी विष्णुदेव का निधन, शोक व्यक्त



**पड़वा पलामू।** पंडवा के व्यवसायी विष्णुदेव महतो (65) का निधन मंगलवार की रात इलाज के दौरान गढ़वा के एक निजी अस्पताल में हो गया। विष्णुदेव की किडनी फेल हो जाने से लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटी, दो बेटा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चले गये। उनके निधन पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, प्रमुख गीता मेहता, व्यवसायी प्रमोद सोनी, शिवनारायण महतो, श्याम मेहता, नेपाली मेहता, गोविंद पाल, सत्येंद्र ठाकुर, अशोक महतो, पिंटू प्रकाश, सच्चिदानंद मेहता, पूर्व मुखिया मेघनाथ मेहता उर्फ रामबालक मेहता ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

### जदयू जिलाध्यक्ष ने किया कई गांवों का दौरा



**पाटन पलामू।** जनता दल यूनाइटेड के पलामू जिलाध्यक्ष मनोज दुबे के नेतृत्व में छतरपुर विस के पाटन प्रखंड के बाघोबर उताकी कुंवर बांध निमिया दूसरा पाटन केलहर आदि गांव का दौरा कर लोगों को सुधा चौधरी के कार्यों की जानकारी दी। मौके पर महासचिव सुरेंद्र यादव, संतोष मेहता, चिंटू मेहता, अवध किशोर सिंह, मनोज मेहता, श्रीराम यादव, जयपाल यादव, राजपति प्रजापति, देवेंद्र प्रसाद, गोलू सिंह, रणजीत सिंह, उमेश राम आदि थे।

## किस्त भुगतान के लिए ठोकरे खा रहे हैं नपं के पीएम आवास लाभुक

- सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता ने दोषी कर्मी और अधिकारियों पर डीसी से कार्रवाई की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर के दर्जनों लाभुकों ने अपना आवास पूरा कर लिया है बावजूद उनके अंतिम किस्त का भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे वे परेशान हैं। जिन्होंने कर्ज लेकर घर बनाया है उनके लिए उनका आवास सरदर्द है। कई ऐसे लाभुक हैं जिन्हें आवास आवंटन के बाद भी कोई किस्त अब तक नहीं मिल पाया है। ये बातें नपं के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने पत्रकारों से कही। उन्होंने इसका ज्ञापन भी कार्यपालिका अधिकारी और सिटी मैनेजर को सोशल मीडिया से प्रेषित किया है। उन्होंने मांग की है कि आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को अविलंब किस्तों का भुगतान हो। सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था कर पीएम आवास के लाभुकों की समस्याओं का समाधान किया जाये। पीएम आवास के कई लाभुकों का भुगतान विगत दो तीन सालों से पेंडिंग है, उन्हें भी पैसे दें।

# अवैध विदेशी शराब जब्त

- एसपी के निर्देश पर पंडवा और हरिहरगंज थाना पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज।** झारखंड में आचार संहिता लगने के साथ ही पलामू पुलिस सक्रिय हो गयी है। चुनाव को ध्यान में रख पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने जिले के पुलिस अधिकारियों को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार की बरामदगी कर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने को कहा है।



**खास बातें :** निर्देश के आलोक में हरिहरगंज थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बोलेरो (बीआर 26ए 7477) से अवैध शराब की तस्करी की जानी थी, जिसे पुलिस ने जब्त किया। इसमें 216 बोतल बियर, 48 पीस केन बियर है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 44 हजार रुपये है। इस अभियान में पुअनि सतीश गुप्ता, धनंजय गोप, हेमंती बासकी व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। दूसरी ओर पंडवा थाना पुलिस ने भी सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यूपी से आ रही बोलेरो (बीआर 01 जीके 3228) की जांच की गयी। इससे अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। पांच लाख 82 हजार से अधिक मूल्य का शराब जब्त किया गया है। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह व थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि एसपी के निर्देश पर विधानसभा चुनाव को लेकर इलाके में गश्ती बढ़ा दी गई है। छापेमारी अभियान में पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, सअनि शिव प्रकाश महतो, आरक्षी अरबिंद कुमार चौरसिया, नागो सिंह, अखिलेश कुमार व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### जनता की आस्था को ध्यान में रख प्रथम चरण के मतदान की तिथि बदला जाये : राकेश पासवान



**मेदिनीनगर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली से झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा है कि माह अक्टूबर-नवंबर त्योहारों से भरा पड़ा है। 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर गोवर्धन पूजा, 3 भाई दूज एवं चित्रगुप्त पूजा, 5 से लेकर 8 तक आस्था का महापर्व छठ पूजा, 13 को प्रकाश पर्व, 15 को गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है। इस दौरान सभी लोग काफी अस्त-व्यस्त रहते हैं। आस्था का महापर्व होने से उपयुक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए आग्रह होगा कि प्रथम चरण के मतदान की तिथि को आगे बढ़ाया जाये।

### पाटन बीडीओ ने सीडीपीओ का पदभार ग्रहण किया



**पाटन पलामू।** पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने पाटन सीडीपीओ अनीता कुमारी से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। मौके पर पाटन प्रखंड कार्यालय एवं बाल विकास विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि पाटन के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुदृढ़ किये जायेंगे। आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन खुले यह सुनिश्चित करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार मिलेगा। इस कार्य में जो केंद्र लापरवाही बरतेंगे उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

# इंडिया गठबंधन धर्म का पालन करे महागठबंधन सरकार : विकास गौड़

- झारखंड में सपा को 11 सीट दें, नहीं तो 81 पर लड़ेंगे चुनाव : रंजन यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विस चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों में टिकट और सीट शेयरिंग को लेकर माथापच्ची शुरू हो गयी है। इसी के तहत समाजवादी पार्टी यूपी के पूर्व मंत्री विकास गौड़ व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने बुधवार को होटल कृष्णा इन में संयुक्त प्रेस वार्ता की। पूर्व मंत्री ने केंद्र एवं झारखंड सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ये दोनों सरकार निकम्मी है। जनता की सुख सुविधा को नकारते हुए लोक लुभावन चुनावी घोषणा कर लोगों को बरगला रहा है। राज्य सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा में पूरी तरह विफल है। लोकसभा चुनाव में देश स्तर पर इंडिया गठबंधन का गठन हुआ, जिसके तहत केंद्र में सत्तासीन दलों को छोड़ देश के करीब सभी राजनीतिक दल एक मंच पर आकर लोकसभा चुनाव अपनी अपनी क्षमता अनुसार लड़े। आज विस चुनाव झारखंड में होने जा रहा है इसमें झारखंड के इंडिया गठबंधन दल के घटक संगठन गठबंधन धर्म का पालन कर सपा को उचित सीट दें। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो इंडिया गठबंधन धर्म का पालन नहीं हो रहा है।





पत्रकार वार्ता में अपनी बातें सार्वजनिक करते सपा नेता।

**खास बातें :** ऐसी स्थिति में सपा अपना निर्णय लेने को स्वतंत्र होगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि झारखंड के इंडिया गठबंधन दलों के लोग सपा को भी 11 सीट दे वरना राज्य के सभी 81 सीटों पर सपा अपना उम्मीदवार खड़ा करने को बाध्य होगा। श्री यादव ने कहा कि झारखंड में मेरा कोई भी प्रतिनिधित्व करनेवाला विधायक नहीं है। इसके बावजूद भी सरकार के कार्यों पर हमेशा सहयोग करने का काम किया है। यदि हमें छोटा समझा गया तो आगामी परिणाम बुरा होगा। प्रेस वार्ता में सपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिनव कुमार, जिलाध्यक्ष मोहन यादव समेत कई लोग शामिल थे।

# चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करना अनिवार्य : राकेश श्रीवास्तव

- विधानसभा चुनाव को लेकर सीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों संग की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** सीओ राकेश श्रीवास्तव ने पाटन अंचल कार्यालय में विभिन्न दलों के साथ बैठक की। सीओ ने विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद यह बैठक बुलायी थी। जिसमें पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, राजद पाटन प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्लाह अंसारी, राजद नेता मुस्ताक अंसारी, कांग्रेस के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडेय, झामुमो के प्रखंड सचिव कमेश पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में आचार संहिता लगने के बाद चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश को पालन करने का निर्देश दिया। सीओ ने सभी राजनीतिक दलों के पोस्टर बैनर एवं झंडा को चुनाव आचार संहिता लागू रहने तक हटा लेना के लिए कहा। सीओ ने कहा कि जिस पार्टी का पोस्टर बैनर लगा पाया जायेगा, उनपर कार्रवाई की जायेगी। सीओ ने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी के द्वारा पोस्टर बैनर एवं झंडा घर पर लगाने से पहले घर मालिक से अनुमति लेना जरूरी है। घर मालिक की अनुमति के बाद ही पोस्टर बैनर लगायेंगे। सीओ ने बताया कि कोई भी व्यक्ति आचार संहिता लागू रहने तक आर्म्स लेकर एक जगह से दुसरे जगह नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर उन पर कार्रवाई की जायेगी। निजी वाहन पर भी पोस्टर बैनर झंडा नहीं लगाना है। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनाव आयोग के निर्देश पालन करने की बात कही।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक करते सीओ राकेश श्रीवास्तव।

## स्पीड न्यूज

### नाइजीरियाः पेट्रोल टैंकर में विस्फोट 100 से अधिक मरे

**अबुजा।** पश्चिमोत्तर नाइजीरिया में एक पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। यह घटना उस समय हुई जब वाहन के पलटने के बाद दर्जनों लोग ईंधन लेने के लिए उसकी ओर दौड़े थे। आपातकालीन सेवाओं की तरफ से बुधवार को यह जानकारी दी गई है। स्थानीय पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब राजमार्ग पर टैंकर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया।

### एक करोड़ रुपये के इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार



**जगदलपुर।** तेलंगाना के महबूब नगर में एसआईबी की टीम ने सीसीएम पद पर पदस्थ महिला नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार महिला नक्सली के ऊपर एक करोड़ का इनाम था। दक्षिण सबजनल ब्यूरो का संपूर्ण क्षेत्र में काम कर रही महिला नक्सली पदमा, कल्पना, सुजातक्का, मैनिबाई, झांसी बाई, पति कोटेश्वर राव उम्र 60 वर्ष तेलंगाना के महबूब नगर से गिरफ्तार की गई।

### 'भूल भुलैया 3' का टाइटल ट्रैक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है। भूल भुलैया 3 के टाइटल ट्रैक में कार्तिक आर्यन अपने स्लीक, स्मूथ और कैची 'स्पूकी स्लाइड' डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा रहे हैं।इस ट्रैक को खास बनाने में इंटरनेशनल स्टार पिटबुल और पंजाबी सेंसेशन दिलजीत दोसांझ ने भी अपना योगदान दिया है। म्यूजिक माइस्ट्रॉस प्रीतम और तनिष्क बागची की लीडरशिप में, और नीरज श्रीधर की पहचानी जानी वाली आवाज से उनका सिग्नेचर टच मिलता है।

### चीन ने नये उपग्रह का किया प्रक्षेपण

ताइयुआन। चीन ने उत्तरी प्रांत शांक्सी में ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से मंगलवार को एक नया उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। लॉन्च सेवा प्रदाता चाइना ग्रेट वॉल इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के अनुसार, ये 18 उपग्रह स्पेससेल कॉन्सटेलेशन की पहली पीढ़ी का दूसरा बैच है, जो वैश्विक उपयोगकर्ताओं को कम-विलंबता, उच्च गति और अल्ट्रा-विश्वसनीय उपग्रह इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है।

### मुर्शिदाबाद में टीमसी नेता की हत्या,तनाव

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या के बाद तनाव फैल गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है।

### कांडला में दम घुटने से 5 लोगों की मौत

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले के कांडला की औद्योगिक इकाई में मंगलवार रात दम घुटने से 5 लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि कांडला की इमामी एग्रोटेक कंपनी में सुपरवाइजर वाटर टैंक का ड्रेनेज सिस्टम देखने गया था।

# भाजपा ने तय किया फॉर्मूला 65 प्लस

**उदय चौहान**

- सीट शेयरिंग को लेकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की भाजपा के आला नेताओं संग हुयी बैठक
- लोजपा (रामविलास) और 'हम' को भी मिलेगी सीट




**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए फोल्डर में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया गया है। भाजपा के आला नेताओं संग आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने दो दौर की बैठक की है। भाजपा ने जदयू नेताओं से भी सीट शेयरिंग का मामला तय कर लिया है। इसके अलावा भाजपा ने लोजपा(रामविलास) और हम जैसी पार्टियों से भी चुनावी तालमेल किया है।इस बार भाजपा ने विधानसभा में बहुमत हासिल करने के लिये एनडीए को अधिक मजबूत किया है। वहीं, दूसरी ओर महागठबंधन में शामिल झामुमो, कांग्रेस व राजद ने भी सीट शेयरिंग को लेकर रेस हैं।

सूत्रों के अनुसार विधानसभा की कुल 81 सीटों में भाजपा अकेले 65 पर चुनाव लड़ सकती है। आजसू व अन्य पार्टियों को 16 सीटें ही देगी। भाजपा जल्द ही अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी। जानकारों के अनुसार आजसू पार्टी 12, जेडीयू 11, लोजपा 9 सीटों की मांग कर रही हैं, जो भाजपा के मौजूदा फॉर्मूले में फिट नहीं बैठ रही है। बावजदू इसके भाजपा ने सहयोगी दलों को संतुष्ट करने के लिये विशेष रणनीति तैयार की हैं। इस बार एनडीए फोल्डर में आजूस के अलावा जेडीयू, लोजपा और हम भी शामिल होंगे। जाहिर तौर पर सीटों का बंटवारा थोड़ा मुश्किल होगा।

लेकिन भाजपा ने इसका फार्मूला पहले से ही बना लिया है। जैसी सूचनाएं मिल रही हैंए भाजपा ने सबके लिए सीटों का बंदोबस्त कर लिया है। हालांकि आजसू को छोड़ भाजपा के बाकी सहयोगी दलों की ताकत झारखंड में नाम मात्र की है।

लोजपा(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने तो झारखंड में अपनी जमीन तलाशने के लिये रांची में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक की थी। बैठक के बाद चिराग ने कहा था कि झारखंड में 40 सीटों पर उनकी स्थिति मजबूत है। हालांकि उनकी पार्टी ने दर्जन भर सीटों को चिह्नित किया है। जहां से उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं। कहने के लिए तो उन्होंने यह भी कह दिया कि उनकी पहली कोशिश एनडीए फोल्ड में रह कर ही चुनाव लड़ने की होगी। अगर किन्हीं वजहों से यह संभव नहीं हुआ यानी बात नहीं बनी तो वे अकेले मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि अब चिराग के स्वर नरम पड़ गये हैं।

बहरहाल, भाजपा ने अपने सभी साथियों को संतुष्ट करने का फामूर्ला तैयार कर लिया है। इसमें एक-दो सीटों की हेर-फेर संभव है। भाजपा के फामूर्ले के मुताबिक कुल 81 विधानसभा सीटों में से 65 पर अकेले भाजपा लड़ेगी। बाकी 16 सीटों में ही सहयोगी दलों को संतोष करना पड़ेगा। वैसे, भाजपा जल्द ही सहयोगियों के लिये भी सीटों की घोषणा कर सकती है।

# अब देश में कानून 'अंधा' नहीं

## न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी, हाथ में थामा संविधान

**एजेंसी**

**सीजेआइ डी वाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर न्याय की देवी में किया गया है बदलाव**



**नयी दिल्ली।** भारतीय न्यायपालिका ने भी ब्रिटिश एरा को पीछे छोड़ते हुए नया रंगरूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गयी है। न्याय की देवी की आंखें खुल गयी हैं। उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान आ गया है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं है। दरअसल, ये सब कवायद सीजेआइ डी वाई चंद्रचूड़ ने की है। उनके निर्देशों पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। ऐसी ही स्टैच्यू सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगायी गयी है। पहले न्याय की देवी की मूर्ति थी, उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी थी। साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। सीजेआइ दफ्तर से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, मुक्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ का मानना था कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता, वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए सीजेआइ का मानना था कि न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए। इससे समाज में ये संदेश जाये कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। उनका मानना है कि तलवार हिंसा का प्रतीक है, जबकि, अदालतें हिंसा नहीं, बल्कि संवैधानिक कानूनों के तहत इंसाफ करती हैं। दूसरे हाथ में तराजू सही है कि जो समान रूप से सबको न्याय देती है। न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है। इनका नाम जस्टिया है। इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका भी गहरा मतलब है। आंखों पर पट्टी बंधे होने का मतलब है कि न्याय की देवी हमेशा निष्पक्ष होकर न्याय करेंगी। किसी को देखकर न्याय करना एक पक्ष में जा सकता है। इसलिए इन्होंने आंखों पर पट्टी बांधी थी। यूनान से ये मूर्ति ब्रिटिश पहुंची थी। 17वीं शताब्दी में पहली बार इसे एक अंग्रेज अफसर भारत लेकर आये थे। बाद में जब देश आजाद हुआ, तो हमने भी न्याय की देवी को स्वीकार किया।

# जम्मू-कश्मीर के सीएम बने उमर अब्दुल्ला

## सुरिंदर चौधरी ने ली उप मुख्यमंत्री की शपथ

**एजेंसी**

- जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा : चौधरी



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है। केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि इतना बड़ा पद देने के लिए फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने के अपने फैसले से उमर अब्दुल्ला ने साबित कर दिया है कि जम्मू भी कश्मीर जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। आज जब हमें यहां की जनता ने चुना है, तो हमें उम्मीद है कि जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। प्राथमिकता के तौर पर पिछले 10 वर्षों में आई बेरोजगारी, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और पर्यटन के मुद्दों को हल करना होगा। हम दरबार मूव को फिर से शुरू करने के लिए भी काम करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने पहली सरकार को बधाई देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे जम्मू-कश्मीर की बेहतरी के लिए काम करेंगे। मुझे उम्मीद है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की सरकारों में पहले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के साथ हुआ भेदभाव फिर नहीं होगा। हमें उम्मीद है कि यह सरकार अच्छी तरह से चलेगी तो केंद्र सरकार का वादा भी पूरा होगा।

### लंबे समय बाद स्थापित हुआ लोकतंत्र : खड़गे

उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा गठबंधन सहयोगी सीएम बना और लंबे समय के बाद यहां लोकतंत्र स्थापित हुआ है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां राज्य का दर्जा बहाल हो। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की है। प्रधानमंत्री ने भी कई बार सार्वजनिक बैठकों में इसका वादा किया है लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है। हम नाखुश हैं, इसलिए फिलहाल हम मंत्रालय में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

### कौशल विकास घोटाले मामले में नायडू को इडी ने दी क्लीन चिट

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दे दी है। इसी मामले में नायडू को 53 दिन जेल में बिताना पड़ा था। जमानत पर रिहा होने के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वे मुख्यमंत्री बने और अब ईडी से क्लीन चिट मिलने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पहले मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास निगम घोटाला मामले में क्लीन चिट दी गई है। नायडू को पिछले साल तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में शुरू हुई जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 53 दिन जेल में बिताने के बाद 31 अक्टूबर, 2023 को जमानत मिली थी।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री होंगे सैनी

**पंचकूला में आज लेंगे शपथ**

**विधायक दल की बैठक में अनिल विज और मनोहर लाल ने नायब सिंह सैनी के नाम का रखा प्रस्ताव**

**एजेंसी**



चंडीगढ़ । हरियाणा भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया। विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लगाई गई। पंचकूला में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। विधायक दल की बैठक में अनिल विज और मनोहर लाल ने विधायक दल के नेता के तौर पर नायब सिंह सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे। गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों ने विधायक दल के नेता के रूप में नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लगाई। इस घोषणा के बाद, सीएम सैनी ने खड़े होकर हाथ जोड़कर सभी विधायकों का धन्यवाद किया। सीएम सैनी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक बड़ा मंच तैयार किया जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के कई नेता मौजूद रहेंगे।

### भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा : शाह

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत का संदेश देशभर में गया है। हरियाणा से शुरू हुआ भाजपा का विजय रथ अब कहीं नहीं रुकेगा। शाह बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेशभर के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि इस जीत का हरियाणा के लिए विशेष महत्व है। वर्ष 1966 से लेकर आजतक किसी भी दल की तीसरी बार हरियाणा में सरकार नहीं बनी है। गृहमंत्री ने नायब सैनी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हरियाणा में आजतक ऐसा कोई मुख्यमंत्री नहीं आया है, जिसने अपनी पार्टी को तीसरी बार जीत दिलवाई हो। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा ने जब अकेले चलने का फैसला किया तो हरियाणा में पहली बार अपने बल पर सरकार बनाई। करीब साढ़े नौ साल तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में कई ऐसे फैसले लिए गए, जिन्हें केंद्र ने भी देशभर में लागू किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव परिणाम देशभर के राजनीतिक पंडितों को आश्चर्यचकित करने वाले थे। सभी इस बात को लेकर एकमत थे कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार नहीं बनेगी। हरियाणा की जनता ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा

# पीएम मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के देशभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने। इसी के साथ उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति देते हुए भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। यह एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करेगा।

# 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत : चंद्रशेखरन

**एजेंसी**

- विकसित राष्ट्र के लिए अधिक से अधिक नौकरियां सृजित करेगा टाटा समूह
- असम में सेमीकंडक्टर प्लांट से प्रतिदिन 4.83 करोड़ चिप्स का होगा उत्पादन



**नयी दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है। टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है। चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा कर सकता है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। देश में हर महीने लगभग दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक हो जाता है। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन (पीएसएमसी) की नेतृत्व टीम से मुलाकात की, जो गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैसिलिटी का निर्माण कर रहे हैं। मार्च में, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। असम में टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा, साथ ही चालू होने पर 15,000 प्रत्यक्ष और 13,000 तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

### आइफोन का असेंबली प्लांट के लिए तैयार

टाटा समूह देश में एक नए आइफोन असेंबली प्लांट के लिए तैयार है, जिसके जल्द ही चालू होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024 में नौकरियों में वृद्धि हुई है, भारत के विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 1.3 मिलियन नई नौकरियां पैदा हुईं - जो वित्त वर्ष 2022 में 1.1 मिलियन थीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियों और श्रमिकों के वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि का श्रेय पीएम मोदी को दिया, जहां इनमें क्रमशः 7.6 प्रतिशत और 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

